# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 164

ग्वालियर, मंगलवार, 3 अगस्त, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.


## वन-टू-वन

### प्रदेश में निकाय चुनाव का गेम प्लान

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव से पहले सरकार सभी शहरों-गांवों में दीनदयाल अंत्योदय समितियों का गठन करने जा रही है। इन पर निचले स्तर पर सरकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचाने की जिम्मेदारी होगी। यही नहीं, योजनाओं के क्रियान्वयन में गड़बड़ी रोकने और मॉनिटरिंग का अधिकार भी इन्हें दिया जाएगा। पार्टी सूत्रों का कहना है, जिलों में कलेक्टर और नगर निगम आयुक्त जल्द ही समितियों का गठन कर लिस्ट जारी करेंगे। इसे लेकर रविवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा के बीच चर्चा हुई। बता दें, इससे पहले शिवराज के तीसरे कार्यकाल के अंतिम साल (2018) में ऐसी समितियों के गठन की तैयारी हुई थी, लेकिन सत्ता हासिल नहीं हो पाई। फिर सत्ता में लौटने के बाद अब नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव से पहले इनका गठन किया जा रहा है।मंत्रालय सूत्रों का कहना है, समिति सदस्यों को सरकार द्वारा अधिकृत किया जाएगा। इसमें पार्टी की जिला इकाई की अनुशंसा पर ग्राम पंचायत व ब्लॉक स्तर की समितियों के पदाधिकारियों को कलेक्टर अधिकृत करेंगे। जिला स्तरीय अंत्योदय समिति के अध्यक्ष प्रभारी मंत्री होंगे, जबकि राज्य स्तरीय समिति के अध्यक्ष मुख्यमंत्री होंगे। ये समितियां 5 साल तक काम करेंगी। भाजपा कार्यकर्ता अब अंत्योदय समितियों के जरिए सरकार को सीधे रिपोर्ट करेंगे। ग्राम पंचायत, ब्लॉक, जिला, नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत और प्रदेश स्तर तक अंत्योदय समितियां गठित की जा रही हैं।

### सांबा आर्मी कैंप के पास फिर दिखे चार संदिग्ध ड्रोन

**नई दिल्ली।** जम्मू कश्मीर के सांबा सेक्टर में आर्मी कैंप के पास एक बार फिर संदिग्ध ड्रोने गतिविधि होने पर अलर्ट जारी किया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक आर्मी कैंप के पास 4 संदिग्ध ड्रोन दिखाई देने के बाद इलाके में अलर्ट जारी कर दिया गया है। सुरक्षाकर्मी ड्रोन को क्षतिग्रस्त करते उससे पहले ड्रोन अंधेरे का फायदा उठाते हुए गायब हो गए। फिलहाल पूरे इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है। सैन्य सूत्रों से मिली जानकारी केम मुताबिक अंतरराष्ट्रीय सीमा से लगे सांबा जिले में रविवार देर रात 4 संदिग्ध ड्रोन देखे गए हैं। एक ड्रोन आर्मी कैंप और दूसरा बड़ी ब्राह्मण पुलिस स्टेशन के नजदीक देखा गया था, जबकि दो अन्य ड्रोन बलोल पुल के आसपास देखे गए। ये ड्रोन गतिविधियां रात 10.00 बजे से 10.40 बजे के बीच देखी गई। चार संदिग्ध ड्रोन देखे जाने की घटना की पुष्टि सांबा के एसएसपी राजेश शर्मा ने भी की की है। उन्होंने कहा कि रविवार रात को बड़ी ब्राह्मणा व उसके आसपास में चार संदिग्ध ड्रोन देखे गए हैं। ड्रोन देखने के बाद ही इलाके में अलर्ट जारी कर दिया गया। ड्रोन के बारे में जानकारी हासिल करने के लिए रात से ही पुलिस व सेना का इलाके में सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया गया था। गौरतलब है कि सांबा के बड़ी ब्राह्मणा क्षेत्र में आर्मी कैंप हैं। गौरतलब है कि जम्मू कश्मीर में बीते कुछ दिनों से संदिग्ध ड्रोन की गतिविधियों में इजाफा हुआ है। 15 जुलाई को भी सांबा में स्थित आर्मी कैंपो के पास 5 ड्रोन देखे गए थे। पहला ड्रोन रात करीब 8.15 बजे एक ड्रोन देखा गया। ड्रोन को देख सुरक्षाबलों ने उस पर कई राउंड फायरिंग की गई। इसके बाद कठुआ जिले के हीरानगर सेक्टर के गांव पंसर में भी रात करीब 8.05 बजे एक ड्रोन देखा गया।

प्रदेश में घनघोर बारिश, वायुसेना से मांगी मदद

# शिवपुरी व श्योपुर और गुना में 250 से ज्यादा गांव बाढ़ में घिरे, 30 लोगों को किया रेस्क्यू

### दीवार गिरने से 1 बच्चे की मौत, भिंड में बच्चा डैम में डूबा

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में बारिश की वजह से कुछ हिस्सों में बाढ़ से हालात बिगड़ गए हैं। ग्वालियर-चंबल में लगातार बारिश से पार्वती, कूनो, क्वारी और सिंध नदी उफान पर हैं। शिवपुरी, श्योपुर और गुना में 250 से अधिक गांव बाढ़ में घिर गए हैं। शिवपुरी और श्योपुर में एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की भेजी गई हैं। सोमवार को सीएम शिवराज सिंह चौहान ने समीक्षा बैठक ली और शिवपुरी के कलेक्टर से चर्चा की। यहां बाढ़ में फंसे लोगों को एयरलिफ्ट करने के लिए वायुसेना से मदद मांगी गई है। 24 घंटे में श्योपुर में 5 इंच, गुना में 4 इंच, शिवपुरी के बैराड़ में 11 इंच बारिश हुई है। दरअसल, मानसून के सिस्टम के दक्षिण बिहार से यूपी तरफ शिफ्ट होने से ग्वालियर-चंबल में यह घनघोर बारिश हो रही है। श्योपुर में लगातार बारिश की वजह से जिला टापू बना हुआ है। यहां पार्वती, कूनो, क्वारी और सीप नदी उफान पर हैं। बाढ़ में फंसे 30 लोगों को रेस्क्यू करके निकाला गया है। हाईवे पर बने पुल के ऊपर से पानी बह रहा है। इसकी वजह से श्योपुर का राजस्थान से तीसरे दिन भी संपर्क कटा हुआ है। यही हाल गुना का है। कई गांवों में बाढ़ की स्थिति है। यहां दीवार गिर जाने से एक बच्चे की मौत हो गई, जबकि भिंड में एक बच्चा डूब गया। सतना और रीवा में रात से बारिश नहीं होने से थोड़ी राहत मिली है, लेकिन बाढ़ की वजह से गांव में घर गिरने और रास्ते बह जाने की वजह से काफी नुकसान हुआ है। श्योपुर- कस्बों और गांवों में घुसा पानी, 3 दिन से राजस्थान से संपर्क कटा जिले में तीन दिन से लगातार बारिश हो रही है।

### यमुना खतरे के निशान के करीब

दिल्ली के यमुना खादर में नावों को किया तैनात किया है। इसे देखते हुए प्रशासन ने संवेदनशील क्षेत्रों में रहने वाले 100 से अधिक परिवारों को अस्थायी रूप से तंबू और रैन बसेरों में शिफ्ट करने का काम शुरू कर दिया है। दिल्ली में लगातार हो रही बारिश और हथिनी कुंड बैराज से लगातार छोड़े जा रहे पानी की वजह से यमुना का जलस्तर खतरे के निशान करीब 205.33 मीटर पर दर्ज किया गया। प्रशासन पहले ही बाढ़ की चेतावनी जारी कर चुका है। सोमवार को भी दिल्ली और आसपास के इलाकों में भारी बारिश के आसार हैं। मौसम विभाग ने इस संबंध में चेतावनी भी जारी की है।

**हुगली में आई आफत की बाढ़:** बंगाल के हुगली जिले के आरामबाग में द्वारकेश्वर और रूपनारायण नदियों में बाढ़ आ गई है। इससे बांधों के टूटने का खतरा बढ़ गया है। जिले के कई इलाकों में सड़कों पर भी पानी भर गया है। बंदीपुर इलाके में रेस्क्यू के दौरान हष्ठऋष्ठ की टीम की दो स्पीड बोट पलट गईं। इसके चलते 3 जवान और एक अन्य व्यक्ति लापता हो गए। इन्हें बाद में रेस्क्यू किया गया। हजारों की संख्या में लोग घर छोड़ने को मजबूर हो गए हैं। इन्हें राहत शिविरों में पहुंचाया गया है। कई इलाकों में लोगों को मदद भी नहीं पहुंच पा रही है।

मौसम से बदहाल देश

### दिल्ली-राजस्थान में भारी बारिश के आसार

**नई दिल्ली।** भारी बारिश के चलते देश में हाहाकार मचा हुआ है। मौसम विभाग ने दिल्ली-एनसीआर उत्तर प्रदेश, राजस्थान और मध्य प्रदेश में भारी बारिश अलर्ट जारी किया है। दिल्ली में लगातार बारिश के चलते यमुना उफान पर है और कई इलाकों में पानी भर गया है। उधर, बंगाल के हुगली में बाढ़ के दौरान रेस्क्यू में जुटी एनडीआरएफ की टीम के 3 जवान लापता हो गए हैं। मौसम विभाग ने बताया कि झालावाड़, बारां, कोटा और प्रतापगढ़ में मूसलाधार बारिश का अलर्ट है। इसके अलावा अजमेर, जयपुर, दौसा और अलवर समेत 10 जिलों में भारी बारिश हो सकती है। दो दिन पहले यहां कई जिलों में बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया था। राजस्थान के कई शहरों में जलभराव हो गया है। बारिश की वजह से वाराणसी, प्रयागराज और मेरठ समेत कई जिलों में गंगा का जलस्तर तेजी से बढ़ा है। इससे शहर के निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। वाराणसी में गंगा का जलस्तर बढ़ने से कई घाट डूब गए हैं और 84 घाटों का संपर्क एक दूसरे से टूट गया है। प्रयागराज में गंगा-यमुना नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। बढ़ते जलस्तर ने नदियों के किनारे बस्तियों में रहने वाले लोगों की चिंता बढ़ा दी है। बाढ़ का खतरा मंडराने से लोगों में भी दहशत है। मेरठ के खादर वाले इलाकों में भी बाढ़ का खतरा देखते हुए इससे बचाव को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

# देश में कोरोना लगातार छठवें दिन 40 हजार से ज्यादा मामले

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में कोरोना के केस लगातार बढ़ रहे हैं। बीते 24 घंटे में 40,627 नए मरीज मिले, 36,627 ठीक हुए और 424 ने जान गंवाई। इस तरह अब एक्टिव केस यानी इलाज करा रहे मरीजों की संख्या 4 लाख 8 हजार 343 हो गई है। यह 26 जुलाई को घटकर 3 लाख 92 हजार 694 हो गई थी। नए केस लगातार छठवें दिन 40 हजार से ज्यादा आए हैं। इस बीच रिसर्चर्स ने चेतावनी दी है कि मामलों में यह बढ़ोतरी कोरोना की छोटी लहर में तब्दील हो सकती है। आशंका है कि यह तीसरी लहर अगस्त में शुरू होकर अक्टूबर में पीक पर पहुंचेगी। वैज्ञानिकों ने एक मैथेमैटिकल मॉडल के जरिए यह अनुमान लगाया है। हैदराबाद के मथुकुमल्ली विद्यासागर और आईआईटी कानपुर के मनिंद्र अग्रवाल ने की है। उन्होंने बताया कि तीसरी लहर में अच्छी स्थिति रही तो एक दिन में एक लाख से कम मामले आएंगे और सबसे खराब स्थिति में एक दिन में 1.5 लाख से ज्यादा केस भी दर्ज हो सकते हैं। केरल और महाराष्ट्र में बढ़ते मामलों से मुश्किल खड़ी हो सकती है।

### एक महीने में 12.39 लाख मामले

जुलाई से अगस्त के बीच देश में 12.37 लाख मामले दर्ज किए गए। इस दौरान 13.08 लाख मरीज ठीक हुए और 24,259 की मौत हुई। जुलाई में सबसे ज्यादा केस दूसरे हफ्ते में यानी 7-14 जुलाई के दौरान दर्ज हुए। इस हफ्ते 2.78 लाख लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई।

# मध्य प्रदेश में आनलाइन गेम कंपनियों को लाया जाएगा कानून के दायरे में

भोपाल

मध्य प्रदेश में आनलाइन गेम कंपनियों को कानून के दायरे में लाया जाएगा। गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि छतरपुर में आनलाइन गेम %फ्री फायर% के कारण बच्चे की जान जाने की घटना दुखद है, पुलिस ने एफआइआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ऐसे गेम बनाने वाली कंपनियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई के लिए विधि विभाग के अफसरों से राय मशविरा कर रहा हूं। जल्द इन्हें कानून के दायरे में लाकर कार्रवाई करेंगे। साइबर क्राइम को लेकर मध्य प्रदेश पुलिस पूरी तरह चौकस है। उसने इस तरह के अपराध में लिप्त कई गिरोहों का खुलासा कर उन्हें सलाखों के पीछे पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि हमारी प्राथमिकता साइबर क्राइम को ध्वस्त करने की है। इसे अंजाम देने वाले तत्वों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि मध्य प्रदेश में पिछले 24 घंटे में कोरोना संक्रमण के 17 नए केस आए हैं, जबकि 13 लोग स्वस्थ हुए हैं। संक्रमण की दर 0.24 प्रतिशत और रिकवरी रेट 98.60 प्रतिशत है। कल कोरोना के 69,322 हजार टेस्ट हुए हैं। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए मंत्री ने कहा कि अभी कुल एक्टिव केस 131 हैं। कांग्रेस में अरुण यादव और उनके पिताजी के साथ जिस तरीके का व्यवहार हुआ उससे ओबीसी के प्रति कांग्रेस की सोच उजागर होती है।

ई-वाउचर-बेस्ड डिजिटल पेमेंट सॉल्यूशन

# मोदी आज लॉन्च करेंगे ई-रुपी इससे बिना रुकावट मिल सकेगा योजनाओं का फायदा

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में डिजिटल पेमेंट को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज शाम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए ई-वाउचर-बेस्ड डिजिटल पेमेंट सॉल्यूशन ई-रुपी लॉन्च करेंगे। ई-रुपी एक प्रीपेड ई-वाउचर है, जिसे नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया यानी NPCI ने विकसित किया है। इसके जरिए कैशलेस और कॉन्टैक्टलेस पेमेंट होगा। सरकार के अनुसार इसके जरिए योजनाओं का लाभ आखिरी व्यक्ति तक पहुंचाने में मदद मिलेगी।

### इससे होंगे ये नौ फायदे

- ये एक कैशलेस और कॉन्टैक्टलेस तरीका है।
- ये सेवा देने और लेने वालों को सीधे तौर पर जोड़ता है।
- इससे सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थियों को मिलेगा। इससे भ्रष्टाचार में कमी आएगी।
- यह एक क्यूआर कोड या एसएमएस स्ट्रिंग-बेस्ड ई-वाउचर है, जिसे सीधे लाभार्थियों के मोबाइल पर भेजा जाता है।
- इस वन टाइम पेमेंट सर्विस में यूजर्स बिना कार्ड, डिजिटल पेमेंट ऐप या इंटरनेट बैंकिंग के बावजूद वाउचर को रिडीम कर सकेंगे।
- e-RUPI के जरिए सरकारी योजनाओं से जुड़े विभाग या संस्थान बिना फिजिकल कॉन्टैक्ट के सीधे तौर पर लाभार्थियों और सर्विस प्रोवाइडर से जुड़े रहेंगे।
- इसमें यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि लेन-देन पूरा होने के बाद ही सर्विस प्रोवाइडर को भुगतान किया जाए।

# यूएनएससी की अध्यक्षता करने वाले देश के पहले प्रधानमंत्री होंगे नरेंद्र मोदी

**नई दिल्ली (ए)।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खाते में एक और बड़ी उपलब्धि दर्ज हो गई है। एक अगस्त को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता संभालने के बाद भारत ने साफ तौर पर कह दिया है कि वह समुद्री सुरक्षा, शांति रक्षण और आतंकवाद को रोकने के लिए विशेष तौर पर कार्यक्रमों की मेजबानी करेगा। भारत ने यह भी कहा है कि वह इस अवसर का उपयोग करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। हालांकि भारत सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता ऐसे समय में करने जा रहा है जब विश्व कोरोना महामारी से जूझ रहा है। साथ ही साथ अफगानिस्तान और आतंकवाद का भी मुद्दा काफी महत्वपूर्ण है। भारत यह तमाम मुद्दे अलग-अलग मंचों पर उठा सकता है। इन सबके बीच खबर यह भी है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यूएनएससी के किसी कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। वह भारत के प्रतिनिधि के तौर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। साथ ही साथ ऐसा करने वाले पहले प्रधानमंत्री भी बन सकते हैं। यूएनएससी की तरफ से एक महीने के कार्यक्रम का एजेंडा आज जारी हो सकता है। एजेंडे को अंतिम रूप देने के लिए भारत अपने महत्वपूर्ण सहयोगी जैसे कि फ्रांस, अमेरिका, रूस इत्यादि देशों से लगातार संपर्क में है। भारत अपनी तैयारी इस तरह से कर रहा है कि कैसे वह इस बड़े मौके को हर तरह से भुनाने में कामयाब हो जाएं। यही कारण है कि अगले 1 महीने तक यूएनएससी के अलग-अलग आयोजनों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, विदेश मंत्री एस जयशंकर और विदेश सचिव हर्ष श्रृंगला भी संबोधित कर सकते हैं। हालांकि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आयोजन को संबोधित करेंगे। इसका फैसला फिलहाल होना बाकी है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के पूर्व प्रतिनिधि सैयद अकबरुद्दीन ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट लिखा है जिसमें उन्होंने अनुमान जताया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संभवत 9 अगस्त को यूएनएससी के कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। वह ऐसा करने वाले पहले प्रधानमंत्री होंगे। हालांकि दूसरी और विदेश मंत्रालय का कहना है कि फिलहाल इस पर फैसला होना बाकी है। वैसे योजना में यह भी शामिल है कि विदेश मंत्री एस जयशंकर यूएनजीसी में भारत के हितों से जुड़े किसी महत्वपूर्ण मुद्दे पर रखेंगे। भारत साथ ही साथ सम्मान, संवाद, सहयोग, शांति व समृद्धि पर जोर देगा।

## वन-टू-वन

### हरियाली अमावस्या 8 अगस्त को

**भोपाल।** श्रावण मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या को हरियाली अमावस्या के रूप में मनाया जाता है। ज्योतिषाचार्य पं. गौरव उपाध्याय के अनुसार इस बार हरियाली अमावस्या का प्रारंभ 7 अगस्त को शाम 7ः11 बजे होगा तथा हरियाली अमावस्या का समापन 8 अगस्त को शाम 7ः19 बजे होगा। अतः हरियाली अमावस्या 8 अगस्त को ही मनाई जाएगी। 8 अगस्त को सर्वार्थसिद्धि योग तथा रवि पुष्य योग भी बन रहा है। अमावस्या के दिन पितरों को खुश करने के लिए पिंडदान, तर्पण, श्राद्ध कर्म किए जाते हैं। हरियाली अमावस्या के दिन मुख्यतः पीपल व तुलसी की पूजा की जाती है। पीपल के अग्रभाग में भगवान ब्रह्मा ,मध्य भाग में शिव जी तथा जड़ में विष्णु जी का निवास माना जाता है। हरियाली अमावस्या के दिन पेड़ लगाने का विधान होता है। भारतीय धर्मों में एक वृक्ष को सौ पुत्रों के समान माना गया है। हरियाली अमावस्या के दिन पितरों की संतुष्टि के लिए पेड़ लगाने का विधान होता है। आंवला और तुलसी में भगवान विष्णु का निवास माना जाता है। बेल, बरगद में भगवान शिव का निवास माना जाता है, कमल में महालक्ष्मी का निवास माना जाता है। जामुन का फल धन दिलाता है, बरगद का पेड़ ज्ञान पाकड़ का पेड़ सुयोग्य पत्नी, बबूल- पापों का नाश करता है।

### दवाइयां नहीं मिलने से कम आ रहे अस्थमा के मरीज

**भोपाल।** हमीदिया अस्पताल की ओपीडी में भोपाल के आसपास के मरीज विभिन्न प्रकार की बीमारियों का इलाज कराने आते हैं। यहां से कई सुविधाएं भी उन्हें मिलती हैं। मुफ्त की दवाइयां भी यहां से दी जाती हैं, लेकिन लॉकडाउन खुलने के बाद भी मरीज कम आ रहे हैं, क्योंकि दवाइयों की आपूर्ति भी नहीं हो पा रही। मरीजों को बाहर से ही खरीदने पर मजबूर होना पड़ रहा है। मिली जानकारी के अनुसार अस्थमा के मरीजों को एमवाय अस्पताल की ओपीडी से ही इन्हेलर में डालने वाले कैप्सूल दिए जाते थे, लेकिन पिछले काफी समय से यहां से ये कैप्सूल नहीं दिए जा रहे हैं, जिससे यहां दिखाने वाले मरीजों को ये किसी दवाइयां बांटने वाले सहायता केंद्रों के भरोसे रहना पड़ता है या बाहर से खरीदना पड़ता है। कई मरीज यह नहीं खरीद पाते हैं, इसलिए अब यहां मरीजों की संख्या में गिरावट दर्ज की जा रही है। पहले ओपीडी में प्रतिदिन 300 से 400 मरीज तक आते थे, लेकिन अब सिर्फ 100 से 150 मरीज ही आ रहे हैं। वे भी दवाइयां नहीं मिलने के कारण दोबारा दिखाने नहीं आ रहे हैं। अस्थमा का शुरू में इलाज दवाओं से होता है, लेकिन समस्या गंभीर होने पर डॉक्टर कई बार मरीज को इन्हेलर की सलाह देते हैं। यह श्वसन तंत्र से जुड़ी बीमारी है। इसके होने के कई कारण हैं, लेकिन इनमें मुख्य कारण एलर्जी है।

### पाक में दुष्कर्म के बढ़ते मामलों के खिलाफ महिला सांसदों ने खोला मोर्चा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में दुष्कर्म के बढ़ते मामलों के खिलाफ महिला सांसदों ने मोर्चा खोल दिया है। नेशनल असेंबली में महिला विधायकों ने दुष्कर्म के आरोपियों के लिए सार्वजनिक तौर पर फांसी देने की मांग के साथ ऐसे मामलों की समीक्षा के लिए संसदीय समिति के गठन करने का प्रस्ताव रखा है। हाल में ही पूर्व राजनयिक शौकत मुकदम की बेटी नूर मुकदम की हत्या उनके एक दोस्त द्वारा कर दी गई, जिसके कारण सांसदों ने संसद में ये मांगें की हैं। नूर मुकदम की हत्या इस्लामाबाद के पॉश इलाके में बड़े बिजनेसमैन के बेटे ने की जो पुलिस की हिरासत में है। पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में दुष्कर्मियों के खिलाफ एक सुर में महिला सांसदों ने आवाज उठाई और देश में महिलाओं और बच्चों के बढ़ते शोषण को देखते हुए दुष्कर्मियों को सार्वजनिक तौर पर फांसी देने का प्रस्ताव पेश किया। इस दौरान विपक्षी पार्टी पीएमएल-एन की सैयदा नोशीन इफ्तेखार ने कहा हम 69 महिलाएं दुष्कर्म के मामलों में तुरंत इंसाफ व आरोपी को सार्वजनिक तौर पर फांसी देने की मांग कर रहे हैं। प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी की महिला सांसद आसमां कादिर ने कहा यदि पाकिस्तान को चलाना है तो दुष्कर्मियों और हत्यारों को सार्वजनिक तौर पर फांसी की सजा देनी होगी। देश में महिलाओं व बच्चों के शोषण के मुद्दे पर सदन में बोलते हुए कादिर भावुक हो उठीं। महिला सांसदों के समर्थन में राइट विंग के जमाती-ए-इस्लामी के मौलाना अकबर चित्राली आगे आए और कहा कि दुष्कर्मी और हत्यारों को सार्वजनिक तौर से फांसी पर लटकाना चाहिए।

### दक्षिण कोरिया अमेरिका के साथ सैन्य अभ्यास करेगा तो फइर शुरू हो जाएगी दुश्मनी

**सियोल।** दक्षिण कोरिया ने सोमवार को कहा कि वह प्रतिद्वंद्वी उत्तर कोरिया के साथ रिश्तों में सुधार और बातचीत शुरू करने की कोशिश जारी रखेगा। उधर, उत्तर कोरिया ने चेतावनी दी है कि अगर दक्षिण कोरिया अमेरिका के साथ मिलकर सैन्य अभ्यास करता है तो इससे दुश्मनी फिर से शुरू हो सकती है। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन की ताकतवर बहन ने चेताया कि यह सैन्य अभ्यास कोरियाई देशों के बीच आपसी विश्वास को बहाल करने की कोशिश को गंभीर रूप से कम करेगा और बेहतर रिश्तों की संभावना को धुंधला कर देगा। यह अभ्यास इस महीने होना है। दक्षिण कोरिया के रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि अभ्यास का सटीक समय और अन्य विवरणों को अभी तय नहीं किया गया है और इनका निर्धारण अमेरिका तथा दक्षिण कोरिया के अधिकारियों द्वारा किया जाएगा।

# राजधानी में देर रात से हो रही झमाझम बारिश

### जुलाई में नहीं हुई अपेक्षित बरसात, तापमान में आई गिरावट

**भोपाल (ए)।** लंबे इंतजार के बाद राजधानी वासियों की झमाझम बारिश की इच्छा आखिरकार पूरी हो गई। रविवार देर रात से झमाझम बारिश होने से शहर के तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। उधर बरसात होने से शहर के निचले इलाकों में पानी भर जाने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड रहा है। सावन के सोमवार को भगवान भोलेनाथ के भक्तों ने आज बरसात के बीच मंदिर पहुंच पूजा-अर्चना की। अभी तक राजधानी को छोडकर पूरे प्रदेश में झमाझम बरसात का दौर जा रहा लेकिन अब शहर के लोगों को भी अच्छी बरसात होने से राहत मिल गई है। मालूम हो कि अमूमन बरसात के सीजन में जुलाई-अगस्त माह बारिश के लिहाज से अहम होते है। इस बार जुलाई में राजधानी भोपाल में अपेक्षित वर्षा नहीं हुई। पूरे माह में कुल 157.7 मिलीमीटर बारिश हुई। जो जुलाई की सामान्य बारिश (363.8 मिमी.) की तुलना में 206.1 मिमी.(20 सेमी.) कम रही, लेकिन इस बार जून में सामान्य बरसात (126.4 मिमी.) की तुलना में 284.1 मिमी. वर्षा हुई। जिसके चलते सीजन की 31 जुलाई तक की बारिश 490.8 मिमी. तक जा पहुंची। यह सामान्य से महज 0.6 मिमी. अधिक है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक आज भी शहर में दिनभर रुक-रुककर बौछारें पड़ने की संभावना है। उत्तर प्रदेश और हरियाणा पर कम दबाव के क्षेत्र बने हुए हैं। मानसून ट्रफ भी इन्हीं सिस्टम से होकर बंगाल की खाड़ी तक बना हुआ है। इस वजह से उत्तर प्रदेश से लगे मध्य प्रदेश के जिलों में पिछले तीन-चार दिन से अच्छी बरसात हो रही है। मौसम विज्ञानियों ने आज ग्वालियर, चंबल, उज्जैन संभाग में भारी वर्षा होने की संभावना जताई है। इसके अलावा सागर, भोपाल संभाग के जिलों में कहीं-कहीं तेज बौछारें पड़ने के आसार हैं। रविवार को राजधानी को दिनभर रुक-रुक कर फुहारें पड़ती रहीं। रात में भी शहर के कई इलाकों में तेज बौछारें पड़ीं। आज सुबह से भी रुक-रुककर बारिश का सिलसिला जारी है।

## अक्टूबर तक कम हो जाएगा डेंगू और मलेरिया

**भोपाल।** मौसम में आए बदलाव की वजह से तमाम बीमारियां पनप रही है। हल्की बारिश के कारण पानी संक्रमित हो जाता है, जिसके इस्तेमाल से युवा, बुजुर्ग और बच्चा सभी बीमारी की चपेट में आ जाते हैं। हालांकि तेज बारिश के बाद पानी साफ होने से काफी हद तक इन बीमारियों से राहत मिल जाती है। शहर हो या फिर गांव बारिश की वजह से जगह-जगह पानी थम जाता है। थमे हुए पानी में मच्छर और लार्वा पनपता है। ऐसी स्थिति लोग बड़ी संख्या में मलेरिया जैसी बीमारी से ग्रस्ति होते हैं। इसके अलावा पीने का पानी साफ नहीं होने के कारण डेंगू, दस्त और वायरल के मरीज भी बढ़ रहे। वर्तमान में सबसे अधिक मलेरिया, डेंगू, उल्टी, दस्त और वायरल की चपेट में लोग आ रहे हैं। वर्तमान में इन्हीं बीमारियों से ग्रस्ति मरीजों की संख्या सबसे अधिक है। शासकीय अस्पतालों से कहीं अधिक बीमारी से पीड़ित व्यक्ति निजी अस्पताल और क्लीनिक में इलाज करा रहे हैं, जिसके चलते पीड़ितों के आंकड़े प्रशासन के पास भी मौजूद नहीं है। सितम्बर माह में वायरल के मरीजों की संख्या और बढ़ सकती है। इसके पीछे की वजह लोगों की लापरवाही बताई जा रही है। वायरल एक-दूसरे में फैलने वाला रोग है, इससे बचने के लिए मॉस्क का इस्तेमाल

## अन्न महोत्सव... प्रभारी मंत्री की मौजूदगी में एक कंट्रोल दुकान से 100 लोगों को मिलेगा राशन

**भोपाल।** 7 अगस्त को मनाए जाने वाले अन्न उत्सव के लिए प्रदेश स्तर पर व्यापक तैयारी की जा रही है। इसको लेकर जिला प्रशासन द्वारा एक बैठक रखी गई है। सरकार द्वारा निर्देश दिए गए हैं कि हर जिले में प्रभारी मंत्री की मौजूदगी में एक कंट्रोल दुकान से 100 लोगों को राशन देने का कार्यक्रम आयोजित किया जाए। कोरोना काल में केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा जरूरतमंदों को दिए जा रहे राशन को लेकर अब 7 अगस्त को अन्न उत्सव का आयोजन किया गया है। पूरे देश में यह आयोजन एकसाथ मनाया जाएगा। इसको लेकर राज्य सरकार ने जिला कलेक्टरों को आदेश जारी कर दिए हैं। पूरी तैयारी प्रभारी मंत्री के मार्गदर्शन में ही की जाएगी और मुख्य समारोज में प्रभारी मंत्री ही मौजूद रहेंगे। भोपाल में इस कार्यक्रम के लिए प्रभारी मंत्री भूपेंद्र सिंह आएंगे।

# राजधानी में मूर्तिकार गणेश जी की प्रतिमाएं बनाने में व्यस्त

### गणेशोत्सव की तैयारी में जुटे मूर्तिकार, मूर्तियों में भरे जा रहे रंग

**भोपाल (ए)।** राजधानी में मूर्तिकार गणेश जी की प्रतिमाएं बनाने में व्यस्त हो गए है। गणेशोत्सव के लिए तैयारी की जा रही मूर्तियों में रंग भरे जा रहे हैं। कोरोना के कारण भगवान गणेश की छोटी मूर्तियां ही अधिक संख्या में बनाई जा रही हैं। भोपाल से आसपास के शहरों व महाराष्ट्र में जाने वाली मूर्तियां समय पर पहुंच जाएं, इसलिए शहर के मूर्तिकार अलग-अलग स्थानों पर मूर्तियां बना रहे हैं। जिला प्रशासन ने अब तक इस बारे में कोई गाइडलाइन नहीं बनाई है कि मूर्तिकार कितनी ऊंचाई की मूर्तियां बना सकते हैं। अधिकांश मूर्तिकार गणेशजी की छोटी मूर्तियां ही बना रहे हैं। 10 से 15 फीट ऊंची मूर्तियां बनाने से बच रहे हैं। मूर्तिकारों का कहना है कि बीते साल गणेशोत्सव के लिए बड़ी मूर्तियां बना ली थीं, लेकिन बाद में प्रशासन ने पांच से छह फीट की गणेशजी की मूर्तियां बनाने के निर्देश दिए थे, लेकिन मूर्तियां बन चुकी थीं और गणेशोत्सव समितियों ने बड़ी मूर्तियां नहीं खरीदीं। इससे मूर्तिकारों को बहुत नुकसान हुआ था। करोंद में गणेशजी की मूर्तियां बनाने वाले अमित प्रजापति बताते हैं कि कलेक्टर अविनाश लवानिया से मूर्तियां बनाने की गाइडलाइन जारी करने की मांग की थी, लेकिन अब तक ऐसी कोई गाइडलाइन जारी नहीं हुई। अभी छोटी मूर्तियां ही बना रहे हैं। समितियों के ऑर्डर आने पर ही बड़ी मूर्तियां बनाएंगे। गणेशोत्सव में अभी एक महीने से ज्यादा का समय है। मूर्तिकार मिट्टी की मूर्तियां बना रहे हैं। पहले बांस, घास व सुतली से ढांचा तैयार किया जाता है। उसके बाद मिट्टी व प्लास्टिक ऑफ पेरिस से मूर्तियां बनती हैं। अब पर्यावरण मित्र मूर्तियां बनाने पर अधिक जोर है। करोंद, मंगलवारा, लालघाटी, माता मंदिर, आंनद नगर, अयोध्या बायपास, कोलार कुम्हार मोहल्ला, बांसखेड़ी सहित अन्य स्थानों पर गणेशजी की मूर्तियां बनाई जाती हैं। पश्चिम बंगाल कोलकता से कारीगर आते हैं, जो मूर्तियों को बनाते हैं। शहर में रहने वाले प्रजापति समाज के लोग भी मूर्तियां बनाते हैं। गणेशोत्सव को एक महीने से अधिक समय है। उसके बाद दुर्गोत्सव है। मूर्तिकारों ने मां दुर्गा की मूर्तियों का काम अभी से शुरू कर दिया है। माटी कला बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष रामदयाल प्रजापति ने बताया कि कोरोना के कारण दो सालों से मूर्तिकारों को आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है। अभी जिला प्रशासन की मूर्तियों का निर्माण व उनको विराजित करने की गाइडलाइन जारी नहीं हुई है इस कारण मूर्तिकार बड़ी मूर्तियां नहीं बना रहे हैं। भोपाल हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष कैलाश बेगवानी ने बताया कि कलेक्टर अविनाश लवानिया से गणेशोत्सव के दौरान मूर्तियों की ऊंचाई और झांकी पंडाल का आकार निर्धारित करने की गाइडलाइन जारी करने की मांग कर चुके हैं।

# एयरपोर्ट अथोरिटी ऑफ इंडिया ने मप्र के लिए जारी की भ्रमित कोरोना गाइड लाइन

### अंतरराष्ट्रीय विमान यात्रियों के लिए जारी गाइड लाइन घरेलू यात्रियों पर थोपी आरटीपीसीआर रिपोर्ट लाओ... वरना क्वारेंटाइन हो जाओ...

**भोपाल।** एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा हाल ही में देश के सभी राज्यों के लिए कोरोना के मद्देनजर जारी की गई गाइड लाइन में मध्यप्रदेश के एयरपोर्ट्स के लिए निर्देशित गाइड लाइन में अथॉरिटी से गड़बड़ हो गई है। प्रदेश में आने वाले इंटरनेशनल पैसेंजर्स के लिए बनाई गई गाइड लाइन को अथॉरिटी ने डोमेस्टिक पैसेंजर्स के नाम से भी जारी कर दिया है। कोरोना महामारी को देखते हुए राज्य शासन द्वारा तैयार किए गए नियमों के आधार पर देश के सभी राज्यों की कोरोना गाइड लाइन एएआई द्वारा जारी की जाती है। इस गाइड लाइन के आधार पर ही संबंधित एयरपोर्ट यात्रियों की जांच करते हैं। यात्री भी इसी गाइड लाइन को देखकर सफर के हिसाब से जरूरी टेस्ट और रिपोर्ट अपने साथ रखते हैं। एयरपोर्ट अथॉरिटी ने 29 जुलाई को जो ताजा गाइड लाइन जारी की है, उसमें देश के सभी राज्यों के लिए नियम शामिल हैं। हर राज्य के नियम दो पन्नों पर हैं। पहले पर घरेलू यात्री और दूसरे पर अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए नियम लिखे गए हैं। पेज के ऊपर इसका उल्लेख भी किया गया है। देश में कोरोना के मामले कम होने के बाद ज्यादातर राज्यों में घरेलू यात्रियों के लिए नियम शिथिल किए गए हैं। वहीं अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए अब भी सख्त नियम लागू है। ज्यादातर राज्यों में अन्य राज्य से आने वाले हवाई यात्रियों को अपने साथ नेगेटिव आरटीपीसीआर रिपोर्ट लाना अनिवार्य नहीं किया गया है, जबकि अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए यह अनिवार्य है। ताजा गाइड लाइन में मप्र के लिए जारी किए गए नियमों में अथॉरिटी ने दोनों ही पेज का शीर्षक डोमेस्टिक, यानी घरेलू यात्री लिखकर घरेलू यात्रियों पर भी अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के नियम लागू कर दिए। गाइड लाइन को देखकर सभी परेशान हैं। पहले पेज पर जहां यहां आने वाले यात्रियों के लिए कोरोना की नेगेटिव आरटीपीसीआर रिपोर्ट जरूरी नहीं है।

## फ्लोरिडा में एक दिन में कोरोना के सबसे अधिक मामले, अस्पतालों में मरीजों की भीड़

**वाशिंगटन (ए)।** महामारी की शुरुआत के बाद से अमेरिकी राज्य फ्लोरिडा में एक दिन में सर्वाधिक नए मामले आने के बाद अस्पतालों में लोगों के भर्ती होने की संख्या भी पूर्व के रिकॉर्ड को तोड़ चुकी है। राज्य में टीकाकरण अभियान की शुरुआत से पहले कोविड-19 के सर्वाधिक मामले आए थे। फ्लोरिडा में कोविड-19 से संक्रमित 10,207 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फ्लोरिडा अस्पताल संघ के अनुसार, इसके पूर्व टीकाकरण अभियान के शुरू होने से करीब छह महीना पहले 23 जुलाई 2020 को फ्लोरिडा में 10,170 लोग अस्पताल में भर्ती हुए थे। कोविड-19 से अस्पताल में भर्ती होने के मामले में फ्लोरिडा प्रति व्यक्ति दर के हिसाब से अभी शीर्ष पर है।पिछले सप्ताह फ्लोरिडा में औसतन रोजाना 1,525 वयस्क और 35 बच्चे अस्पतालों में भर्ती हुए थे और दोनों ही आंकड़े देश में प्रति व्यक्ति दर के हिसाब से अधिक हैं। फ्लोरिडा में वायरस के बेहद संक्रामक डेल्टा स्वरूप के तेजी से फैलने और निवासियों के महामारी से पूर्व की सामान्य स्थिति में लौटने के कारण अस्पतालों में लोगों के भर्ती होने की संख्या और संक्रमण के मामले बढ़े हैं। संघीय स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार, फ्लोरिडा में कोरोना के 21,683 नए मामले आए जो महामारी की शुरुआत के बाद एक दिन में सबसे अधिक हैं। हालिया मामलों की पुष्टि शुक्रवार को हुई थी जिन्हें शनिवार को अमेरिका के रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्रों की वेबसाइट पर जारी किया गया। आंकड़े बताते हैं कि कितनी तेजी से राज्य में मामले बढ़ रहे हैं। महज एक दिन पहले फ्लोरिडा में कोविड-19 के 17,093 नए मामले आए थे। राज्य विधायिका के साथ ही रिपब्लिकन पार्टी से फ्लोरिडा के गवर्नर रोन डेसैंटिस ने अनिवार्य रूप से मास्क पहनने और टीके की आवश्यकताओं का विरोध किया है और कोविड-19 के प्रसार को रोकने के लिए जरूरी दिशा-निर्देशों एवं पाबंदियों का पालन कराने से संबंधित स्थानीय अधिकारियों के अधिकारों को सीमित कर दिया है।

# तुर्की के वनों में लगी भीषण आग, पर्यटकों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया

**इस्तांबुल (ए)।** तुर्की के वन क्षेत्र बोड्रम के वनों में भीषण आग लगने के कारण हालात बेहद चिंताजनक हो गए हैं। यहां स्थित एजियन सी रिजॉर्ट के कुछ होटलों में ठहरे पर्यटकों को यहां से शिफ्ट कराने के आदेश प्रशासन ने दिए है। आग से घबराए पर्यटकों को समुद्र तट पर नौका के इंतजार में देखा गया। तुर्की मीडिया की खबरों के मुताबिक तटरक्षक इकाई ने अभियान का नेतृत्व किया और अधिकारियों ने निजी नौकाओं को जंगल की आग के कारण सैलानियों को सुरक्षित जगह पहुंचाने में सहयोग करने को कहा। एक वीडियो में समुद्र तट से सटे पर्वतीय क्षेत्र में धुएं के गुबार और आग की लपटें दिख रही हैं। तुर्की के स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि शनिवार को दो वन्यकर्मियों की मौत के बाद भूमध्यसागर से सटे शहर में जंगल की आग से मरने वालों की संख्या बढ़कर छह हो गई है। बुधवार से जंगल में आग फैलने लगी और आग की चपेट में कुछ बस्तियां, पर्यटन केंद्र और गांव भी आग गए। लोगों को सुरक्षित स्थान पहुंचाया गया है। रूसी मीडिया ने बताया कि बोड्रम से कम से कम 100 रूसी पर्यटकों को सुरक्षित निकालकर नए होटलों में पहुंचाया गया। कृषि और वानिकी मंत्री बेकिर पाकदेमिरली ने बताया कि तेज हवाओं और भीषण गर्मी के बीच 101 जगहों पर लगी आग में से 91 पर काबू पा लिया गया है। पांच प्रांतों में आग से प्रभावित इलाकों को आपदा क्षेत्र घोषित किया गया है।

खबर के अनुसार तुर्की के अंताल्या और मुगला में समुद्र तटों और आसपास के ग्रामीण इलाकों के पास पांचवें दिन भी जंगल में आग का कहर जारी है। वहीं और शव मिलने से मरने वालों की संख्या बढ़कर आठ हो गई, जबकि कई ग्रामीणों के घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं और उनके मवेशी भी मारे गए हैं। मुगला प्रांत के मैजीकॉय में भी आग लगी है और वहां से भी ग्रामीणों को निकाला भी गया है। किसान नूरतंन अल्माज़ी ने बताया कि उन्होंने सबकुछ खो दिया है। उन्होंने कहा, 'मैं बहुत पीड़ा में हूं, मैंने अपना एक बच्चा खो दिया।' 63 वर्षीय महिला ने अपने मवेशियों और घर भी खो दिया है। उन्होंने आग लगने के जिम्मेदार लोगों को मौत की सजा दी जाने की मांग की है। बोदरम के मेयर अहमद अरास ने बताया कि रविवार शाम आग की वजह से क्रोरतम और माजी के पास लोगों को 'नरक' भोगना पड़ा। उन्होंने कहा कि आग पर काबू नहीं पाया गया है और हम उम्मीद कर रहे हैं कि हम रिहायशी इलाकों को बचा पाएंगे लेकिन पेड़ों को बचाने के लिए अब बहुत देर हो चुकी है। जानकारी के मुताबिक रविवार रात पूरा इलाका आग से घिरा था। पत्रकारों ने बताया कि उन्हें वहां से तुरंत निकलना पड़ा क्योंकि तेज हवाओं के कारण आग तेजी से बढ़ने लगी थी। अधिकारियों ने बताया कि इलाके में बने दो ताप विद्युत संयंत्रों की रक्षा करने के लिए प्रयास इंतजाम किए गए हैं। यूरोपीय आयोग ने घोषणा की कि उसने क्रोएशिया से एक अग्निशमन कैनेडायर विमान और स्पेन से दो विमान तुर्की की सहायता के लिए भेजे हैं।

# अफगान सैनिकों ने एयर स्ट्राइक कर 6 सेकेंड में तबाह किया तालिबान का ठिकाना, कार्रवाई में 254 आतंकी ढेर

**काबुल (ए)।** अफगानिस्तान में हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। अमेरिकी सैनिकों की वापसी के बीच तालिबान लगातार अपने पैर मजबूत करता जा रहा है। तालिबान लगातार दावा कर रहा है कि उसने अफगानिस्तान के 90 फीसदी से ज्यादा इलाकों पर कब्जा कर लिया है। अफगान सेना ने दावा किया है कि पिछले 24 घंटों के दौरान गजनी, कंधार, हेरात, फराह, जोजजान, बल्ख, समांगन, हेलमंद, तखर, कुंदुज, बगलान, काबुल और कपिसा प्रांतों में सेना के ऑपरेशनों में 254 तालिबानी आतंकवादी मारे गए हैं, जबकि 97 आतंकी गंभीर रूप से घायल हुए हैं

अफगानिस्तान की सेना ने एक वीडियो जारी किया है, जिसमें देखा जा सकता है कि अफगान सैनिक तालिबान के ठिकानों पर एयर स्ट्राइक कर रहे हैं। 6 सेकेंड का यह वीडियो अफगानिस्तान की सेना की तरफ से जारी किया गया है। जिसमे देखा जा सकता है कि सामने कई बिल्डिंग हैं, जो कोई कैंपस की तरह दिख रहा है। अफगानिस्तान का दावा है कि यहां तालिबान के आंतकी छुपे थे। कुछ सेकेंड के अंतराल पर यहां एयर स्ट्राइक की जाती है। धुएं के गुबार के बीच पलक झपकते ही सबकुछ जमींदोज हो गया। अफगान सेना ने दावा किया है कि पिछले 24 घंटों के दौरान गजनी, कंधार, हेरात, फराह, जोजजान, बल्ख, समांगन, हेलमंद, तखर, कुंदुज, बगलान, काबुल और कपिसा प्रांतों में ऑपरेशन के बाद 254 तालिबानी आतंकवादी मारे गए है, जबकि 97 आतंकी गंभीर रूप से घायल हुए हैं। कहा जा रहा है कि ग्रामीण क्षेत्रों के बड़े हिस्से पर कब्जा करने के बाद तालिबान ने प्रांतीय राजधानियों को घेर लिया है। रविवार की रात उन्होंने अफगानिस्तान के दूसरे सबसे बड़े शहर और विद्रोहियों के पूर्व गढ़ कंधार में हवाई अड्डे पर तीन रॉकेट दागे। उधर, युद्धग्रस्त देश में 'संयुक्त कार्रवाई' शुरू करने का निर्णय लिया गया है। चीन के विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। चीन के दक्षिण पश्चिमी शहर चेंगदू में पाकिस्तानी विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी और उनके चीनी समकक्ष वांग यी के बीच हुई बैठक के दौरान यह निर्णय लिया गया है।

## कोरोना के बढ़ते संक्रमण से पाकिस्तान बेहाल, कई इलाकों में लागू किया स्मार्ट लॉकडाउन

**इस्लामाबाद (ए)।** कोविड-19 के बदलते स्वरूपों के बीच पाकिस्तान में घातक वायरस के नए केस फिर रफ्तार पकड़ने लगे हैं। रविवार को कोविड-19 मामलों की संख्या में वृद्धि के कारण राजधानी इस्लामाबाद के विभिन्न क्षेत्रों में स्मार्ट लॉकडाउन लगाया गया है। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, इस्लामाबाद के जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी एक अधिसूचना के अनुसार, कोरोना के अधिक मामले वाले विभिन्न क्षेत्रों में लोगों की 27 सड़कों पर लोगों की आवाजाही को प्रतिबंधित कर दिया गया है। आदेश में कहा गया है कि आवश्यक सेवाएं और आपूर्ति जैसे फार्मेसी और दवा की दुकानें, किराना स्टोर और बेकरी, चिकित्सा सहायता/चिकित्सा परामर्श, राशन, पेयजल आपूर्ति को छूट दी गई है। इसमें आगे नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि वे लॉकडाउन की अवधी से पहले राशन, दवाओं सहित उनकी जरूरत के सामानों की पहले ही व्यवस्था कर लें। इससे पहले कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए सिंध प्रांत ने शनिवार से 8 अगस्त तक आंशिक रूप से लॉकडाउन की घोषणा की है। इस बीच पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने रविवार को सिंध में प्रांतीय सरकार द्वारा लगाए गए आंशिक कोविड-19 लॉकडाउन के फैसले की निंदा की है। इमरान खान ने इसे सत्तारूढ़ पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के नेतृत्व वाली सरकार की इच्छा के विरुद्ध बताया है। अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, पत्रकारों से बातचीत के दौरान खान ने बढ़ते कोविड-19 मामलों पर अंकुश लगाने के लिए सिंध के आंशिक रूप से लॉकडाउन के फैसले को गरीबों की कठिनाइयों को बढ़ाने वाला बताया।

# मूसलाधार बारिश के चलते बह गया सोनभद्रिका नदी का कच्चा पुल

### आलमपुर रतनपुरा मार्ग पर वाहनों का आवागमन थमा

भिण्ड। आलमपुर क्षेत्र में बीते रविवार की रात में हुई मूसलाधार बारिश के चलते नदी नाले उफान पर आ गये हैं। आलमपुर कस्बे में सोनभद्रिका नदी पर नवीन पुल के निर्माण के चलते वाहनों को निकलने के लिए बनाया गया अस्थाई कच्चा पुल नदी के तेज बहाव में बह गया है। कच्चा पुल बह जाने के बाद वाहन चालकों ने यात्रियों की जान जोखिम में डालकर क्षतिग्रस्त पुराने पक्के पुल से वाहन निकालना शुरू कर दिया था। लेकिन जब मामले की जानकारी आलमपुर थाना प्रभारी संजीव कुमार तिवारी को मिली तो उन्होंने सोनभद्रिका नदी के घाट पर दोनों ओर पुलिस बल तैनात कर वाहनों का आवागमन रूकबाया। लहार एसडीएम श्री प्रजापति एवं नायब तहसीलदार नवीन भारद्वाज ने भी सोमवार को आलमपुर पहुंचकर क्षतिग्रस्त पुराने पक्के पुल का मुआयना किया। और क्षतिग्रस्त पक्के पुराने पुल से बड़े वाहनों के निकलने पर पूरी तरह से रोक लगाने की बात कहीं। मालूम हो कि आलमपुर कस्बे में स्थित सोनभद्रिका नदी पर शासन द्वारा ठेकेदार के माध्यम से नवीन पुल का निर्माण कराया जा रहा है। सोनभद्रिका नदी पर नवीन पुल के निर्माण के चलते ठेकेदार ने पुराने पुल के ठीक बगल में नदी में पाइप डालकर मिट्टी और गिट्टी का भराव कर वाहनों को निकलने के लिए अस्थाई कच्चा पुल बनवा दिया था। जो रविवार की रात में हुई जोरदार बारिश के चलते बह गया है।जबकि पुराने पक्के पुल को ठेकेदार द्वारा दोनों ओर से तोड़ दिया था। हालांकि बाद में ठेकेदार ने इस पुराने पक्के पुल के दोनों ओर मिट्टी का भराव करा दिया था। लेकिन कच्चे पुल के बह जाने के बाद पुराने पक्के क्षतिग्रस्त पुल से वाहनों के निकलने के दौरान कोई बड़ा हादसा हो सकता है। इसी आशंका के चलते प्रशासनिक अधिकारियों ने पुराने पक्के पुल से बड़े वाहनों का आवागमन बन्द करबा दिया है। आलमपुर में सोनभद्रिका नदी पर अस्थाई कच्चे पुल के बह जाने के बाद आलमपुर रतनपुरा मार्ग पर बड़े वाहनों का आवागमन पूरी तरह से थम गया है। समथरए मौठए भाण्डेरए चिरगांवए झांसी, उरई, जालौन, कौंच इत्यादि स्थानों के लिए वाहन रूरई होते हुए वाहन ले जाना पड़ रहे है। इस दौरान वाहन चालकों को काफी लम्बा चक्कर लगाना पड़ रहा है।

### कुछ कच्चे घर गिरेए पुलिस थाना पानी से हुआ लबालब

आलमपुर कस्बे में रविवार की रात में हुई जोरदार बारिश के बाद सोमवार को भी दिनभर बारिश का दौर चला। जिससे कस्बे में कुछ कच्चे घरों के धराशायी होने की खबर है। तो वही बस्ती के अंदर कई स्थानों पर जल भराव की समस्या उत्पन्न हो गई है। पुलिस थाना आलमपुर परिसर बारिश के पानी से लबालब भरा हुआ है। मुख्य मार्ग से पुलिस थाना परिसर तक पूरी सड़क पानी में डूबी हुई है। पुलिस स्टाफ को थाना परिसर में भरे पानी में से गुजरना पड़ रहा है। लेकिन नगर परिषद आलमपुर द्वारा खबर लिखे जाने तक जल निकासी के कोई प्रयास शुरू नहीं किये गये।

### आलमपुर में करीब 24 घन्टे से बिजली ठप

बीते रविवार की दोपहर से आलमपुर सहित ग्रामीण क्षेत्र की विद्युत सप्लाई ठप है। दतिया जिले के सेवढ़ा से आलमपुर आई 33 केव्ही की विद्युत लाइन रविवार को दोपहर में फाल्ट हो गई है। जिसे ठीक करने के लिए विद्युत कर्मचारी रविवार दोपहर से जुटे हुए हैं। लेकिन सोमवार की शाम खबर लिखे जाने तक आलमपुर की विद्युत सप्लाई चालू नहीं हो पाई थी। चौबीस घंटे से ज्यादा समय से ठप विद्युत सप्लाई के चलते आलमपुर कस्बे में पेयजल संकट उत्पन्न हो गया है।

## माधवराव सिंधिया स्वास्थ्य सेवा मिशन कोविड-19 सेंटर पर 1163 लोगों को लगाई गई वैक्सीन

### बरसते हुए पानी में वैक्सीन लगवाने के लिए जागरूक रही महिलाएं, युवा

भिण्ड। भाजपा द्वारा चलाए जा रहे कोविड.19 पीड़ित परिवार जनों की सहायता और वैक्सीन अभियान के तहत कैलाशवासी श्रीमंत माधवराव सिंधिया स्वास्थ्य सेवा मिशन के तहत भिंड शहर के बाहर मंडल धर्मशाला में आयोजित कोविड-19 सेक्टर में 1163 लोगों को वैक्सीन लगाई गई जिसमें सर्व समाज के लोग ने शांति सद्भावना से अपने परिवार सहित लोगों को टीके लगवाए अभियान में लोगों की जागरूकता अधिक बढ़ रही है। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य एवं सेक्टर संयोजक रमेश दुबे ने बताया की बरसते हुए पानी में भी महिलाओं और युवाओं ने लाइन में लगकर अपनी जाग्रता दिखाई और उनमें काफी उत्साह भी दिखाई दिया स्वास्थ्य विभाग कर्मचारियों की मदद से लोगों को टीकाकरण लगाए जाने में मदद मिल रही है इस अभियान में सर्व समाज के लोगों जागरूक हो रहे हैं सुबह से ही कोविड-19 सेंटर पर महिलाओं और 18 साल युवाओं की संख्या अधिक देखने में मिल रही है भाजपा नेता दुबे ने उन्होंने लोगों से अपील की कि लोगों के द्वारा फैलाई जा रही बातों में ना आकर अधिक से अधिक संख्या में सेक्टर पर पहुंचकर लोगों का टीकाकरण कराएं कुछ शासन की व्यवस्थाएं आप सबकी मदद अति आवश्यक है वैक्सीन की कोई कमी नहीं है सभी लोगों को वैक्सीन लगाई जाएगी लोगों में काफी जाग्रता है और लोग वैक्सीन के लिए सेक्टर पर पहुंच रहे हैं केंद्र की नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के शिवराज सिंह चौहान की भाजपा सरकार है प्रदेश की जनता के साथ वैक्सीन अभियान में लगी हुई है द्य महिलाओं और युवाओं ने कोविड-19 सेक्टर पर अपनी ताकत दिखाई बरसते हुए पानी में भी लोग व्यक्ति के लिए लाइन में लगे रहे और उन्होंने हिम्मत नहीं हारी। अभियान में भाजपा नेता रामदास सोनी, एडवोकेट लटूरी प्रसाद शर्मा, राजीव दीक्षित, विकास

## सावन माह की हुई शुरुआत जिसमे भक्तगणों द्वारा किया गया भगवान अर्धनारीश्वर का श्रंगार

भिण्ड। पवित्र पावन सावन माह की शुरुआत इस वर्ष एक नई वर्ष की भाति हुई है। जिसमे आप प्रशासन के नियमो के अनुसार हर मंदिर, धार्मिक स्थलों पर अधिक से अधिक संख्या में नही दिख सकेंगे। मंदिरों में अनुमति केवल 50 से 100 लोगो तक दी गई है। जिसमे अपनी सुविधा को लेकर ही शर्ते मंजूर प्रशाशन द्वारा कर दी गई है। जैसे सावन माह की शुरुआत हुई है शिव भक्तों मैं एक नया उत्साह दिखाई दे रहा है। वैसे वैसे ही मौसम के नजारे अलग अपना एक रुख मोड़ते हुए नजर आ रहे है। हर वर्ष की भाति गोरी सरोवर के किनारे अर्धनारेश्वर मंदिर पर सभी भक्तगणों द्वारा द्वितीय सोमबार का अद्भुत श्रृंगार किया गया। जिसमे आज सभी भक्तगण राधाचरण पुजारी, महेश दीक्षित कृष्ण कुमार आंनद भारद्वाज, भोलू पंडित, कौशल पंडित, आयुष सक्सेना, रितिक पंडित, आलोक पंडित, मोहित पंडित, छोटू पंडित, सचिन भदोरिया, मयंक ओझा आदि लोगो की उपस्थिति रही। सभी भक्तगणों के लिए विशेष अनुरोध भी किया गया है की वह अधिक से अधिक श्रंगार आरती का दर्शन लाभ ले और मंदिर के प्रांगण में आकर दर्शन करने की शुरुआत करे और भीड़ एकत्रित होकर न लगाए। शासन प्रशासन के नियमो की धज्जियां किसी भी प्रकार से न उड़ाए।

## संक्षिप्त समाचार

### घायल को अस्पताल देखने पंहुचे प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी

गोरमी। गोरमी के पास आरोली ग्राम के बनवारी पूरा में मेहदोरा ग्राम का निवासी जितेंद्र बघेलअपनी ससुराल बनवारी पूरा में आया हुआ था रात्रि में छत पर पेशाब करते हुए अचानक बैलेंस बिगड़ने के कारण छत से फिसल कर नीचे पक्की फर्शी पर गिर गया जिससे गंभीर रुप से घायल हो गया जिसे ससुराल के लोग तुरंत गोरमी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले कर पंहुचे जहां डॉक्टर भारद्वाज द्वारा उपचार किया गया जिसे ही घायल ब्यक्ति की सूचना बीजेपी प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश चोधरी को सूचना गोरमी में ही मिली उन्हने तुरंत देर न लगाते हुए देखने के लिए अस्पताल पँहुच कर डॉक्टर को फोन कर बुलाया और यही नहीं जब घायल व्यक्ति की स्थिति में सुधार नहीं हो रहा तो उन्होंने तुरंत एंबुलेंस की व्यवस्था करवाई और साथ में घर वालों को ढांढस बंधवाया कि जो भी संभव मदद होगी। हम आपका हर रूप से इलाज के लिए भी आर्थिक रूप से भी सहयोग करेंगे साथ से घायल व्यक्ति को ग्वालियर के लिए रात्री में ही रेफर करवाया दिया गया।

### आपातकाल में बांटे संपर्क सूत्र

भिण्ड । कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस के निर्देशन में बरसात को ध्यान में रखते हुये जिला स्तरीय कंट्रॉल रूम स्थापित किया है। कंट्रोल रूम के दूरभाष नंबर 0734.230013,07534.230023, 0753. 4230025 रहेंगे। यह कंट्रोल रूम 24 घंटे संचालित रहेगा। बरसात के दौरान आपातकाल में इन नम्बर पर संपर्क स्थापित कर सकते है।

### रोजगार मेले का आयोजन 4 अगस्त को

भिण्ड । रोजगार अधिकारी भिण्ड ने बताया कि रोजगार कार्यालय भिण्ड द्वारा रोजगार मेले का आयोजन 4 अगस्त 2021 को शासकीय आईटीआई भिण्ड में किया जाएगा। जिसमें कुल सात कंपनी 240 पदो के लिए चयन करेगी। वेरोजगार युवक आईटीआई पास एवं 12वीं पास भी आवेदन कर सकते है। जिसमें आईटीआई हैल्पर और सैल्समेन तथा सुरक्षा गार्ड के विभिन्न पदों पर भर्ती होगी। अधिक जानकारी के लिए शासकीय आईटीआई भिण्ड से संपर्क कर सकते है।

## पत्रकार साथियों ने मनाया राकेश शर्मा एवं पत्रकार विक्रांत परमार का जन्मदिन

भिण्ड। श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा एवं दैनिक हिन्दुस्तान समाज के ब्यूरोचीफ पत्रकार विक्रांत परमार का जन्मदिन बहुत धूमधाम से मनाया। पत्रकार साथियों द्वारा श्री शर्मा का मालाओं- पुष्प गुच्छ देकर और केक काटकर जन्मदिन मनाया। जन्म दिवस के साथ-साथ मित्रता दिवस की भी लोगों ने एक दूसरे को बधाईयां दी। इस अवसर पर श्री शर्मा ने कहा कि आज जन्मदिन के साथ साथ मित्रता दिवस भी है। मित्रता का रिश्ता ऐसा होता है जिसमें लोग एक-दूसरे के सभी सुख-दुख का हिस्सा बनते हैं। साथियों के बीच एक-दूसरे के प्रति सम्मान व लगाव रहना चाहिए। जन्मदिन की बधाई देने वालों में मध्यप्रदेश प्रेस क्लब अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार अनिल शर्मा, भानू श्रीवास्तव, प्रदीप चौधरी, अवनीश श्रीवास्तव, परानिधेश भारद्वाज, संजय पाठक, दीपक चौधरी, विश्वनाथ श्रीवास, संजय शर्मा, अक्षय भदौरिया, प्रमोद भदौरिया, पीयूष श्रीवास्तव, आदित्य द्विवेदी, गिर्राज पाण्डेय, अक्षय जोशी सहित कई वरिष्ठ पत्रकार साथी शामिल रहे।

## बारिश से कच्च मकान गिरा बच्ची की मौत

भिण्ड। लगातार हो रही बारिश से शहर सहित अंचल में परेशानी बढ़ने लगी। जिले में हाल में हुई जिला जेल धंसकने के बाद दबोह कस्बे में एक कच्चा मकान गिर गया। जिसमें दबने से एक बच्चे की मौत हो गई। उधर आलमपुर कस्बे में सोन-मृगा नदी पर बना कच्चा पुल बारिश के पानी में बह गया। जिसे आवागमन ठप हो गया है। भिंड जिले में पिछले एक सप्ताह से बारिश का दौर जारी है। बारिश की वजह से दबोह कस्बे के चौक मौहल्ला वार्ड एक निवासी प्रगति पुत्री संतोष नायक का मकान गिर गया। मकान में कुल 7 सदस्य थे। जिसमें 12 साल के बच्ची की मौत हो गई। इस हादसे में परिवार के दूसरे सदस्य घायल हो गए। इधर, आलमपुर कस्बे में सोन मृगा नदी में जलस्तर बढ़ गया। कस्बे के नजदीक सोन मृगा नदी पर पुल का निर्माण चल रहा है। यहां बारिश के बाद नदी का जलस्तर बढ़ा तो कच्चा पुल बह गया।

### क्वांरी नदी के किनारे के गांव में अलर्ट

जिला प्रशासन ने क्वांरी नदी के किनारे के गांवों में अलर्ट जारी किया है। नदी के आसपास के मकानों को खाली करने और सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। पटवारी और कोटवारों को निर्देश दिए गए हैं कि मुनादी कराकर लोगों को सूचित करें।

## स्कूल संचालकों ने शासन से रखी मांग

### स्कूल प्रारंभ किये जाए व आर.टी.ई. का भुगतान हो

मालनपुर। लॉकडाउन के दौरान जहां स्कूल बंद है वहीं संचालकों को आर्थिक तंगी से गुजरना पड़ रहा है। वाहन किराया, वेतन, अन्य सभी अर्थ से होने वाले कार्यों से संचालकों की कमर टूटने लगी है। जिस पर स्कूल संचालकों ने की पत्रकारवार्ता आयोजित की और शासन से अपनी मांग रखवाने के लिए आग्रह किया। शिवाजी पब्लिक स्कूल प्रांगण में मालनपुर क्षेत्र के समस्त स्कूल संचालकों ने स्कूल के संचालन में आ रही समस्याओं को लेकर पत्रकारवार्ता आयोजित की गई। जिसमें सर्व सम्मति से छात्रवृत्ति की जांच रोकने व आर.टी.ई. का भुगतान शीघ्र करने हेतु शासन से मांग की गई है विगत दो वर्षों से विद्यालय बंद होने से आर्थिक परेशान से कमजोर होने पर शासन से आर्थिक सहायता की मांग की है एवं बिजली बिल सम्पत्ति कर इत्यादि माफ़ किया जाये ऐसी कठिन परिस्थितियों के बावजूद शिवाजी पब्लिक स्कूल के संचालक दिनेश सिंह परिहार ने समस्त संचालकों की उपस्थिति में निर्णय लिया कि नवीन सत्र से लेकर स्कूल संचालन का कार्य जारी रहेगा तब तक अनाथ बच्चों को निशुल्क शिक्षा बुक स्टेशनरी, यूनिफॉर्म, लंच व्यवस्था स्कूल संचालक की तरह से मुफ्त दी जाएगी। इस मौके पर प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन मालनपुर के अध्यक्ष अरविन्द सिंह सेंगर, महासचिव सुरेन्द्र कुशवाहा, कोशाध्यक्ष बृजमोहन शर्मा, संरक्षक रामप्रकाश वंशल, बन्टू सिंह परिहार, हर्षवर्धन सिंह, गयाप्रसाद किरार, परशुराम सिंह कुशवाह, गुरमुख सिंह सरदार, देवेन्द्र सिंह कुशवाह, अर्जुनसिंह, सुनील कुमार एवं समस्त पत्रकार गण मौजूद रहे।

## पूर्व मंत्री शुक्ला भिण्ड जिला कांग्रेस के प्रभारी बने

भिण्ड। मध्यप्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पूर्व मंत्री बालेन्दु शुक्ला भिण्ड जिला कांग्रेस के संगठन प्रभारी होंगे। जिला कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. अनिल भारद्वाज ने बताया पूर्व मुख्यमंत्री और मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने भिण्ड जिला कांग्रेस के संगठन विस्तार, मंडल, सेक्टर, ब्लॉक आदि के पुनर्गठन हेतु श्री शुक्ला को जिम्मेदारी दी है। श्री शुक्ला को भिण्ड प्रभारी बनने पर कांग्रेस नेताओं ने हर्ष व्यक्त किया है। जिसमे जिला कांग्रेस अध्यक्ष मानसिंह कुशवाहएपूर्व अध्यक्ष जयश्रीराम बघेलए पूर्व मंत्री डॉ. गोविंद सिंह, गोहद विधायक मेवाराम जाटव, पूर्व मंत्री राकेश चौधरी, पूर्व विधायक हेमंत कटारे, भगवानदास सैंथिया, रामप्रकाश यादव, भादौरिया, रामहरि शर्मा, डॉ. राधेश्याम शर्मा, राजकुमार देशलहरा, संदीप मिश्रा, संजय भूता, सुभाष राठौर, अतुल मिश्रा, शिवशंकर सिंह आदि ने बधाई दी है।

## अतिशय क्षेत्र जैन तीर्थ चांदखेड़ी

जमीन के अंदर बंद है असली मंदिर, उसमें विराजमान हैं रत्न जड़ित मूर्तियां, झालावाड़ से 35 किमी दूर चांदखेड़ी में एक प्राचीन जैन मंदिर है। इसमें एक हिस्सा जमीन के ऊपर और दूसरा अंडरग्राउंड है, लेकिन अंडरग्राउंड से भी नीचे इस मंदिर का एक असली हिस्सा है, जहां रत्नों की प्राण प्रतिष्ठित मूर्तियां हैं। न इस हिस्से में जाने का कोई रास्ता है और न ही उसमें जाने की कोई हिम्मत जुटा पाता है। कहते हैं, उन रत्नों की मूर्तियों की रक्षा भगवान करते हैं। यहां वर्षों से जैन धर्म की कई पीढ़ियां पूजा-अर्चना कर रही थीं। उन्हें पता नहीं था कि जिस मंदिर में वे पूजा कर रहे हैं उसके नीचे ही जमीन के भीतर मंदिर का असली हिस्सा है, जिसके रास्ते बंद हैं। इसके ऊपर दो फ्लोर है। यहीं लोग पूजा अर्चना करते हैं।

### साल 2002 में हुआ खुलासा

मंदिर के भक्तों का कहना है कि जैन मुनि सुधा सागर जी को एक दिन स्वप्न दिखा। स्वप्न में उन्होंने देखा कि जैन मंदिर के नीचे जमीन के भीतर एक मंदिर है जिसमें रत्नों की मूर्तियां हैं। उन्होंने मंदिर में जाकर प्रबंधक और जैन धर्म के लोगों को ये बात बताई। फिर नीचे से रास्ता तलाशा गया। नीचे का हिस्सा खुला और मंदिर के भीतर चमचमाती रत्न जड़ित मूर्तियां मिलीं। उन मूर्तियों को कुछ दिन तक बाहर दर्शन के लिए रखा गया। फिर वापस उन्हें उसी स्थान पर रखकर सभी रास्ते बंद कर दिए गए। इसके बाद लोगों को इस निचले हिस्से के बारे में पता चला।

### मंदिर के पीछे एक कहानी

इस मंदिर के बनने के पीछे एक कहानी प्रचलित है। कहते हैं कोटा दरबार के दीवान किशन दास मणिया को एक दिन रात में स्वप्न दिखा। सपने में उन्हें प्रभु ने बताया कि सामोद से 55 किमी दूर शेरगढ़ की पहाड़ी पर भगवान आदिनाथ की मूर्ति है। उसे ले आओ और मंदिर बनवाओ। वे अगले दिन शेरगढ़ की पहाड़ी पर गए। वहां एक मूर्ति मिली लेकिन वो साढ़े 6 फीट लंबी और 2 टन भारी थी। वे उस मूर्ति को बैलगाड़ी पर लेकर नहीं जा सकते थे। तभी आकाशवाणी हुई ज.आप बैलगाड़ी पर बैठो। मूर्ति अपने-आप लद जाएगी। पीछे मुड़कर मत देखना नहीं तो ये मूर्ति वहीं अचल हो जाएगी। किशन दास बैलगाड़ी लेकर चले। चांदखेड़ी के पास वे बैलों को पानी पिलाने के लिए उतरे। उनका मन नहीं माना और वे पीछे मुड़कर देखने लगे। वह मूर्ति जमीन पर दिखी और अचल हो गई। किशन मणिया को वहीं मंदिर बनवाना पड़ा। इसमें यह मूर्ति ग्राउंड फ्लोर के नीचे अंडरग्राउंड वाले हिस्से में है। इसके ऊपर वाले फ्लोर पर कई वेदियां और मूर्तियां हैं। ये मूर्तियां कहां से आई हैं किसी को पता नहीं है। बड़ी मूर्ति के नीचे एक मंदिर है जिसमें रत्नों की मूर्तियां हैं। कहते हैं इस हिस्से की रक्षा खुद भगवान आदिनाथ करते हैं।

### 17 सालों में बना यह मंदिर

किशन दास मणिया ने इस मंदिर की नींव 1730 में रखी। ये मंदिर 17 सालों बाद बनकर तैयार हुआ। इसमें संतों और मुनियों के लिए संत शाला, निलय, आश्रम, नवीनतम पक्षालगृह, सिद्ध परमेष्टि जिनालय, चौबीसी जिनालय के अलावा आकर्षक कुबेर द्वार है। वर्ष 2021 का चातुर्मास मुनि पुंगव श्री सुधासागर जी ससंघ चांदखेड़ी में विराजमान हैं।

सच का आईना

## पुलिस विभाग को अपने अदम्य साहस (कोविड-19 संक्रमण काल में भी पुलिस विभाग ने अपना कर्तव्य पूर्ण ईमानदारी के साथ निर्वाह किया) के लिए बार-बार नमन करते

किसी भी राष्ट्र की संस्कृति को सुरक्षित रखने के लिए समय-समय पर वहां के बुद्धिजीवी वर्ग ने सकारात्मक संगठन स्थापित किए। जिससे देश एवं समाज सुरक्षित रहे। किसी भी कारण अनावश्यक परेशानियां पैदा न हो। इसी क्रम में,भारत मे सीमा सुरक्षा के लिए थल सेना, वायु सेना, सीआरपीएफ, बीएसएफ एवं आंतरिक सुरक्षा के लिए पुलिस बल का गठन किया गया। जिससे राज्य के अंतर्गत प्रत्येक समस्या को सहजता एवं सरलता से निदान निकल सके । एक लंबे समय से केंद्र सरकार एवं गृह मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले संगठनों ने अपना कर्तव्य पूर्ण इमानदारी एवं निष्ठा के साथ निर्वाह किया ।अतःपुलिस विभाग से भी भारतीय जनता को आशा जागृत होने लगी, जिस प्रकार से अन्य संगठन है, उसी क्रम में पुलिस विभाग के अंतर्गत भाव जागृत होना चाहिए। ऐसा भी नहीं है कि पुलिस विभाग ने कभी भी अपने कर्तव्य से पलायन करना चाहा। लेकिन कुछ अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने इस परिवार को दिशा भ्रमित करने का प्रयास किया - कहते हैं न जब परिवार बड़ा होता है तो छोटी-छोटी गलतियां हो जाती परंतु परिवार के अन्य सदस्य मिलकर उस बुराई को पूर्णतः खत्म कर देते हैं ।अतः भ्रातियो की वजह से पुलिस परिवार एवं समाज के बीच में एक दरार पैदा हो गई थी एवं इस संगठन एवं आम जनता के बीच में सदैव दूरियां बढ़ती चली गई, इसी का कारण, पुलिस विभाग से लोग भयभीत रहने लगे। विगत 18 माह पहले, जिस प्रकार से संपूर्ण विश्व को कोविड-19 जैसे संक्रमण ने अपनी गिरफ्त में ले लिया तो चारों ओर हाहाकार और अराजकता का बोलबाला होने लगा। उसी समय प्रत्येक विभाग ने अपना अपना मोर्चा संभाल लिया।अतः पुलिस ने जिस तत्परता एवं उत्साह से समाज के प्रत्येक वर्ग का, जो अतुलनीय सहयोग किया, इस कार्य के लिए जन-मानस को नतमस्तक होने के लिए प्रेरित कर दिया। क्योंकि ऐसे संक्रमण काल में जहाँ पर प्राणों की रक्षा करना मुश्किल दिखाई दे रहा था ,उसके उपरांत भी पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने अपने स्तर पर सुरक्षा के साथ-साथ, भोजन, रुकने की,औषधि व्यवस्था एवं मानवीय रूप से जो भी सहयोग, उनसे मिल सकता था, उन्होंने देश एवं राज्य की जनता को सरलता से प्रधान किया। जो अदम्य साहस पुलिस परिवार ने दिखाया है, उसके लिए सभी मिलकर, उन्हें बार-बार दंडवत करते हैं । कोविड-19 संक्रमण काल में पुलिस विभाग के बहुत से अधिकारी एवं कर्मचारी, जो इस भौगोलिक संसार से पलायन कर गए हैं। फिर भी पुलिस विभाग ने बिना भयभीत हुए और डरे हुए आम जनता के बीच परस्पर अपनी विचारधारा को आदान प्रदान किया ।लेकिन केंद्र सरकार, राज्य सरकार एवं भारत की जनता ने इस विषय पर अभी तक किसी प्रकार का कोई मंथन नहीं किया हैं- जो जवान एवं अधिकारी इस संक्रमण से अपना भौतिक शरीर त्याग चुके है ।क्या उनके परिवार को वह उचित दर्जा प्रधान हो सका जो अब उस परिवार के मुखिया के ना होने पर उन्हें मिलना चाहिए? क्या इन जवानों और अफसरों को शहीद का दर्जा नहीं मिलना चाहिए? क्या भारत सरकार एवं राज्य सरकार से इन सभी को अतिरिक्त सुविधाएं, जिनके वे वास्तविक हकदार हैं अभी तक क्यों नहीं मिली?

इस संक्रमण ने जिस तरीके से 18 माह में अपने पैर फैलाए, इसके उपरांत भी पुलिस परिवार बिना डरे हुए, राष्ट्र भावना से सभी की सेवा में निरंतर लगा रहा। जिसने 18 माह में अपने 500 अधिकारी एवं कर्मचारियों को खोया है। जिसकी भरपाई शायद एक लंबे समय तक पुलिस विभाग मे न हो सके ।लेकिन उनके न होने के उपरांत, वही सम्मान, उनके परिवार जनों को मिलना चाहिए जो देश की सीमा पर सुरक्षा करते हुए, शहीद के परिवार जनों को मिलता है। अतः आंतरिक सुरक्षा करते हुए, जिन पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों की मृत्यु हुई है, उन्हें शहीद का उपाधि एवं संपूर्ण सुविधाओं उनके परिवार को प्राप्त होना चाहिए। तभी इन योद्धाओं को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। आओ सभी मिलकर माननीय प्रधानमंत्री जी एवं मुख्यमंत्री जी से अनुरोध करते हैं कि पुलिस विभाग को पूर्ण सम्मान के साथ अलंकृत करना चाहिए। जिस से आने वाले भविष्य में पुलिस परिवार दुगने उत्साह के साथ समाज सेवा करें।

ऐसी अनेक पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों को पूर्ण ईमानदारी के साथ कर्तव्य करते हुए कोविड-19 संक्रमण काल में स्पष्ट रूप से देखा जिनमें सम्मानीय इस प्रकार है क्रमशः

1- एडिशनल एसपी श्री सत्येंद्र सिंह तोमर ग्वालियर

2- सीएसपी श्री रवि भदौरिया ग्वालियर

3- डीएसपी( हेडक्वार्टर एवं क्राइम) श्री विजय भदौरिया ग्वालियर

4- निरीक्षक श्री आलोक सिंह परिहार ग्वालियर

5- निरीक्षक श्री मनोज राजपूत गोरमी

6- उपनिरीक्षक श्री कन्हैयालाल समाधिया सागर

7- उप निरीक्षक सुनील शर्मा

8-उप निरीक्षक वैभव तोमर

9- उप निरीक्षक अरुण भदौरिया

10- उप निरीक्षक पवन भदौरिया

11- अमृत तोमर

इसी प्रकार अन्य अधिकारी एवं कर्मचारियों ने कोविड-19 संक्रमण काल मे संपूर्ण ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का पालन किया एवं देश एवं प्रदेश की जनता के सहयोग के लिए तत्पर खड़े रहे ।आओ सभी मिलकर इन राष्ट्र भक्तों का सम्मान करते हैं और भारत सरकार से यह गुजारिश करते ऐसे महान योद्धाओं को आप राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर सम्मान करने का प्रयास करें तो फिर एक निश्चित रूप से आने वाले समय में पुलिस विभाग में एक नई सोच का उद्गम होगा। जिसका उजाला चारों ओर जगमगाता हुआ दिखाई देगा। कुछ ऐसे बिंदु है, जिस पर सरकार को मूलतः विचार करना पड़ेगा-

1- जिस प्रकार से पुलिस विभाग द्वारा 24- 24 घंटे की सेवाएं ली जाती है, उसी के अनुरूप उन्हें वेतन मिलना चाहिए।

2- सरकार को इस परिवार के लिए साप्ताहिक एवं वार्षिक अवकाश निर्धारित करना चाहिए।

3- कोविड संक्रमण काल में मृत्यु हुए अधिकारी एवं कर्मचारियों को शहीद का दर्जा प्राप्त होना चाहिए । उनके परिवार को उचित मुआवजा एवं उसी पद पर परिवार के किसी न किसी सदस्य को अनुकंपा नियुक्ति तत्काल देना चाहिए।

4- पुलिस कर्मचारियों के लिए निवास, शिक्षा, स्वास्थ्य अन्य के लिए पर्याप्त धनराशि मिलना चाहिए।

**लेखक भीष्म सिंह भदौरिया ।**
**(लेखक का स्वयं का मंथन)**

## तालिबान का संकट

**सिद्धार्थ शंकर)**

अफगानिस्तान के कंधार एयरपोर्ट पर रॉकेट से हमला हुआ। एयरपोर्ट पर तीन रॉकेट दागे गए। इनमें से 2 रनवे पर गिरे और ब्लास्ट हो गए। शनिवार देर रात हुए इस हमले में किसी की जान जाने की खबर नहीं है। हमले के बाद सभी उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। हमले के पीछे तालिबान का हाथ माना जा रहा है, क्योंकि ये हमला ऐसे समय हुआ है, जब तालिबान के लड़ाकों ने हेरात, लश्कर गाह और कंधार को चारों तरफ से घेर रखा है। फिलहाल कंधार में उनकी अफगान सुरक्षाबलों के साथ जंग जारी है। कंधार अफगानिस्तान का दूसरा सबसे बड़ा शहर है। यहां के हवाई अड्डे का उपयोग अफगानिस्तान की सेना को हथियार और रसद भेजने में भी किया जाता है। इसलिए तालिबान इस एयरपोर्ट पर कब्जा कर अफगान सेना को मिलने वाली मदद को रोकना चाहता है। पिछले 2-3 हफ्तों में तालिबान ने इस इलाके में हमले बढ़ा दिए हैं। अफगानिस्तान नेशनल डिफेंस सिक्योरिटी फोर्स ने अमेरिका की मदद से तालिबानियों के कब्जे वाले कई गांव खाली करा लिए हैं। फोर्सेज के एक्शन के बाद ये साफ हो गया है कि तालिबानियों की हिंसा में पाकिस्तानी लड़ाके भी बराबरी से शामिल हैं। मुठभेड़ के दौरान ऐसे कई लड़ाकों को अफगानी फोर्सेज ने मार गिराया है, जो पाकिस्तानी सेना में अफसर हैं। इनके पास से पाकिस्तानी आईकार्ड भी मिले हैं। यहां पर तालिबान के लड़ाके घुस चुके हैं और सुरक्षाबलों के साथ लगातार जंग लड़ रहे हैं। युद्ध की वजह से अभी तक कंधार से हजारों लोग विस्थापित हो चुके हैं। इन लोगों ने पाकिस्तान और ईरान जैसे देशों में जाकर शरण ली है। पाकिस्तानी संगठन अफगानिस्तान पर तालिबान की बढ़ती पकड़ का फायदा उठाने की फिराक में हैं। जो भी हो अभी तो अमेरिका और उसके सहयोगी देशों ने अफगानिस्तान को अधर में छोड़ दिया है। उसके और नाटो देशों की सैनिकों की वापसी जारी है। इस बीच अफगानिस्तान में घट रही घटनाएं अफगानी जनता के साथ-साथ एशियाई मुल्कों को भी परेशान कर रही हैं। विदेशी सैनिकों की वापसी के साथ ही तालिबान ने हमले तेज कर दिए हैं। कई इलाकों को अफगान सेना से छीन लिया है। इससे तालिबान की रणनीति अब स्पष्ट हो गई है। तालिबान ने काफी चालाकी से दोहा शांति वार्ता को धीमा रखा था। वह अमेरिकी सैनिकों की वापसी का इंतजार कर रहा था। दोहा में बातचीत अभी रुकी हुई है। पर तालिबान की इस बढ़ती ताकत से पाकिस्तान खुश है। हालांकि चीन और ईरान परेशान हैं। इसीलिए अफगानिस्तान की शांति प्रक्रिया में ईरान और चीन सक्रिय हो गए हैं क्योंकि दोनों मुल्कों को अलग-अलग कारणों से पाकिस्तान नियंत्रित तालिबान पर भरोसा नहीं है। अफगानिस्तान के मौजूदा हालात 2001 से अलग हैं। बीस साल पहले अफगानिस्तान में अमेरिका और सहयोगी नाटो देशों का जो जोश देखते बनते था, वह हताशा में बदल चुका है। अफगानिस्तान में दो दशक से फंसे अमेरिका की स्थिति हर तरह से कमजोर हो गई है। दो दशकों में बड़ी संख्या में अमेरिकी सैनिक मारे गए। अफगानिस्तान के अभियान पर अब तक के सैन्य खर्च ने अमेरिकी अर्थव्यवस्था को भी भारी नुकसान पहुंचाया। अमेरिका यह अच्छी तरह से समझ चुका है कि अफगानिस्तान की जमीन पर भी उसका वही हाल हो रहा है जो वियतनाम और इराक में हुआ। और आखिरकार इन देशों से भी उसे अपना बोरिया-बिस्तर समेटना ही पड़ा। इसीलिए अमेरिका अफगानिस्तान से बच कर भाग निकला। आज अफगान सरकार लाचार नजर आ रही है। अफगान फौज कमजोर पड़ चुकी है। अब तक उसे अमेरिकी सैनिकों की ओर से ताकत मिली हुई थी। अत्याधुनिक हथियार थे और साथ ही अमेरिकी सैनिकों की मौजूदगी से मनोबल भी बना हुआ था। यह मनोबल अब टूट चुका है। तालिबान के खिलाफ लडने् के बजाय अफगान सैनिक जान बचाने के लिए दूसरे देशों में भाग रहे हैं या फिर तालिबान के साथ ही मिल जा रहे हैं।

## इतिहासों में दर्ज़ है,रानी तेरा नाम

**शरद नारायण खरे**

मंडला ज़िला रामगढ़ रियासत की रानी अवंती बाई की 1857 की क्रांति में सशक्त भूमिका

बहुत खूब है रामगढ़,सबका तीरथधाम।।

1857 की क्रांति महाकौशल तक फैल चुकी थी। गढ़ा मंडला के शासक शंकर शाह ने विद्रोह के लिए विजयादशमी का दिन निश्चित किया। पूरे महाकौशल में विद्रोह फैलने लगा और गुप्त सभाओं और प्रसाद की पूड़ियों का वितरण चलता रहा । 18 सितम्बर को अंग्रेजों ने गोंड राजा शंकर शाह शाह और उनके पुत्र राजकुमार रघुनाथ शाह को जबलपुर में अलग-अलग तोपों से बांधकर उड़ा दिया। इसका राजाओं और जमीदारों ने व्यापक विरोध किया। विद्रोह में शहपुरा के लोधी जागीरदार विजय सिंह और मुकास के खुमान सिंह गोंड , हीरापुर के मेहरबान सिंह लोधी एवं देवी सिंह शाहपुर के मालगुजार ठाकुर जगत सिंह, एवं सुकरी-बरगी के ठाकुर बहादुर सिंह लोधी शामिल थे। इनके अतिरिक्त विजयराघवगढ़ के राजा सरयू प्रसाद, कोठी निगवानी के ताल्लुकदार बलभद्र सिंह, सोहागपुर के जागीरदार गरूल सिंह विद्रोह में शामिल हुये। रामगढ के सेनापति ने भुआ बिछिया थाने पर चढाई कर दी और उसे अपने कब्जे में ले लिया।रानी अवन्तीबाई के सिपाहियों ने घुघरी पर कब्जा कर लिया। विद्रोहियों ने मंडला नारायणगंज मार्ग को बंद कर दिया जिससे जबलपुर से आने वाली अंग्रजों की टुकड़ी का मार्ग बंद हो गया और इस प्रकार विद्रोह पुरे मंडला और रामगढ में फ़ैल गया। अंग्रेज डिप्टी कमिश्नर वाडिंग्टन इस विद्रोह को दबाने में असफल रहा।

इस समय तक मंडला नगर को छोड़कर पूरा जिला अंग्रेजों से मुक्त हो चुका था। 23 नवम्बर 1857 को मंडला के पास ग्राम खैरी के में अंग्रेजों और रानी अवन्तीबाई के बीच युद्ध हुआ जिसमें शाहपुरा और मुकास के जमीदारों ने रानी का सांथ दिया। इस युद्ध में मंडला का अंग्रेज डिप्टी कमिश्नर वाडिंग्टन पूरी शक्ति लगाने के बाद भी कुछ ना कर सका और मंडला छोड़ सिवनी भाग गया इस प्रकार पूरा मंडला और रामगढ़ स्वतंत्र हो गया। इस प्रकार पूरा मंडला जिला और रामगढ़ राज्य स्वतंत्र हो गया।

अंग्रेज अपनी हार से बौखलाए हुये थे और अपनी हार का बदला लेना चाहते थे। अंग्रेज लगातार अपनी शक्ति सहेजते रहे अंग्रेजों ने 15 जनवरी 1858 को घुघरी पर नियंत्रण कर लिया और मार्च 1858 के दूसरे सप्ताह में रीवा नरेश की सहायता से रामगढ को घेर लिया और रामगढ़ पर हमला बोल दिया । वीरांगना रानी अवन्तीबाई की सेना जो अंग्रेजों की सेना की तुलना में बहुत छोटी थी फिर भी साहस पूर्वक अंग्रेजों का सामना किया। रानी ने परिस्थितियों को भांपते हुये अपने किले से निकलकर डिंडोरी के पास देवहारगढ़ की पहडियों की ओर प्रस्थान किया।

## अब रोबोट से दी जायेगी फेफड़ों में सांस

**अजीत कुमार वर्मा**

भारत में डॉक्टरों को जल्द ही कैंसर के मरीज के पेट के ऊपरी हिस्से या वक्ष क्षेत्र में रेडिएशन में मदद करने के लिए फेफड़ों को गति देने की सुविधा मिल जाएगी। पेट के ऊपरी हिस्से या वक्ष क्षेत्रों से जुड़े कैंसर ट्यूमर पर केंद्रित रेडिएशन की डोज देने में श्वास की गति एक बाधा होती है। इस गति से कैंसर के उपचार के दौरान रेडिएशन में ट्यूमर से ज्यादा बड़े क्षेत्र पर असर पड़ता है, जिससे ट्यूमर के आसपास के ऊतक प्रभावित होते हैं। किसी भी मरीज के फेफड़ों की गति पर नजर रखकर मरीज के लिये केंद्रित रेडिएशन को उसके मुताबिक किया जा सकता है जिसके बाद रेडियेशन देने से वह न्यूनतम खुराक के साथ प्रभावी हो सकता है। एक मानव पर ऐसा करने से पहले, एक रोबोट फैंटम पर इसकी जांच किए जाने की जरूरत भी बतलायी गयी है। हाल ही में तकनीक विकास के चलते गेटिंग और ट्रैकिंग जैसी अत्याधुनिक गति प्रबंधन तकनीक सामने आई हैं। भले ही श्वसन संबंधी गतिशील लक्ष्यों के रेडिएशन उपचार में निरंतर विकास हुआ है, लेकिन इसके समानांतर गुणवत्ता आश्वासन टूल विकसित नहीं हुए हैं। श्वसन संबंधी गति प्रबंधन तकनीकों की उपचार प्रक्रिया में एक विशेष प्रकार की सटीकता के उद्देश्य से मरीज के एक अंग में अवशोषित खुराक की मात्रा के निर्धारण के लिए अतिरिक्त श्वसन संबंधी गतिशील फैंटम की जरूरत भी होती है। भारतीय वैज्ञानिकों के एक समूह ने एक नवीन और सस्ती 3डी रोबोटिक मोशन फैंटम का विकास किया है, जो श्वास लेने के दौरान एक मानव के फेफड़े जैसी गति पैदा कर सकते हैं। फैंटम एक ऐसे प्लेटफॉर्म का हिस्सा है, जो न सिर्फ एक मरीज के श्वास लेने के दौरान मानव फेफड़े जैसी गति पैदा करता है, बल्कि यह जांच करने के लिए भी उसका इस्तेमाल किया जा सकता है कि क्या रेडिएशन का एक गतिशील लक्ष्य पर सही प्रकार से केंद्रित उपयोग हो रहा है। फैंटम को इंसान की जगह सीटी स्कैनर के अंदर बेड पर रखा जाता है और यह उपचार के दौरान रेडिएशन के समय मानव फेफड़े की तरह गति करता है। इर्रेडिएशन के दौरान, मरीज और उपचार करने वालों पर न्यूनतम असर के साथ निरंतर उन्नत 4डी रेडिएशन थेरेपी उपचारों की उच्च गुणवत्ता वाली छवियां प्राप्त होती हैं। एक मानव पर लक्षित रेडिएशन से पहले, फैंटम के साथ सिर्फ ट्यूमर पर केंद्रित इसके प्रभाव की जांच की जाती है। कैंसर जैसे असाध्य रोग के उपचार के लिये विकसित हो रही नयी तकनीक निश्चित ही लाभकारी साबित हो सकती है।

## राष्ट्रकवि डॉक्टर श्री मैथिलीशरण गुप्तजयंती जयंती

**अरविन्द प्रेमचंद जैन**

राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त (3 अगस्त 1886 - 12 दिसम्बर 1964) हिन्दी के प्रसिद्ध कवि थे। हिन्दी साहित्य के इतिहास में वे खड़ी बोली के प्रथम महत्त्वपूर्ण कवि हैं।उन्हें साहित्य जगत में दद्दा नाम से सम्बोधित किया जाता था। उनकी कृति भारत-भारती (1912) भारत के स्वतन्त्रता संग्राम के समय में काफी प्रभावशाली सिद्ध हुई थी और और इसी कारण महात्मा गांधी ने उन्हें राष्ट्रकवि की पदवी भी दी थी। उनकी जयन्ती 3 अगस्त को हर वर्ष कवि दिवस के रूप में मनाया जाता है। सन 1954 में भारत सरकार ने उन्हें पद्मभूषण से सम्मानित किया। महावीर प्रसाद द्विवेदी जी की प्रेरणा से गुप्त जी ने खड़ी बोली को अपनी रचनाओं का माध्यम बनाया और अपनी कविता के द्वारा खड़ी बोली को एक काव्य-भाषा के रूप में निर्मित करने में अथक प्रयास किया। इस तरह ब्रजभाषा जैसी समृद्ध काव्य-भाषा को छोड़कर समय और संदर्भों के अनुकूल होने के कारण नये कवियों ने इसे ही अपनी काव्य-अभिव्यक्ति का माध्यम बनाया। हिन्दी कविता के इतिहास में यह गुप्त जी का सबसे बड़ा योगदान है। घासीराम व्यास जी उनके मित्र थे। पवित्रता, नैतिकता और परंपरागत मानवीय सम्बन्धों की रक्षा गुप्त जी के काव्य के प्रथम गुण हैं, जो पंचवटी से लेकर जयद्रथ वध, यशोधरा और साकेत तक में प्रतिष्ठित एवं प्रतिफलित हुए हैं। साकेत उनकी रचना का सर्वोच शिखर है।

जीवन परिचय

मैथिलीशरण गुप्त का जन्म 3 अगस्त 1886 में पिता सेठ रामचरण कनकने और माता काशी बाई की तीसरी संतान के रूप में उत्तर प्रदेश में झांसी के पास चिरगांव में हुआ। माता और पिता दोनों ही वैष्णव थे। विद्यालय में खेलकूद में अधिक ध्यान देने के कारण पढ़ाई अधूरी ही रह गयी। रामस्वरूप शास्त्री, दुर्गादत्त पंत, आदि ने उन्हें विद्यालय में पढ़ाया। घर में ही हिन्दी, बंगला, संस्कृत साहित्य का अध्ययन किया। मुंशी अजमेरी जी ने उनका मार्गदर्शन किया। 12 वर्ष की अवस्था में ब्रजभाषा में कनकलता नाम से कविता रचना आरम्भ किया। आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी के सम्पर्क में भी आये। उनकी कवितायें खड़ी बोली में मासिक ÷सरस्वती÷ में प्रकाशित होना प्रारम्भ हो गई।

कृतियाँ

महाकाव्य- साकेत, यशोधरा

खण्डकाव्य- जयद्रथ वध, भारत-भारती, पंचवटी, द्वापर, सिद्धराज, नहुष, अंजलि और अर्घ्य, अजित, अर्जन और विसर्जन, काबा और कर्बला, किसान, कुणाल गीत, गुरु तेग बहादुर, गुरुकुल , जय भारत, युद्ध, झंकार , पृथ्वीपुत्र, वक संहार [क], शकुंतला, विश्व वेदना, राजा प्रजा, विष्णुप्रिया, उर्मिला, लीला[ग], प्रदक्षिणा, दिवोदास [ख], भूमि-भाग

नाटक - रंग में भंग , राजा-प्रजा, वन वैभव [क], विकट भट , विरहिणी , वैतालिक, शक्ति, सैरन्ध्री [क], स्वदेश संगीत, हिड़िम्बा , हिन्दू, चंद्रहास

मैथिलीशरण गुप्त ग्रन्थावली (मौलिक तथा अनूदित समग्र कृतियों का संकलन 12 खण्डों में, वाणी प्रकाशन, नयी दिल्ली से प्रकाशित, लेखक-संपादक ः डॉ. कृष्णदत्त पालीवाल, पृष्ठ- 460, मूल्य- ?9000, प्रथम संस्करण-2008) (ढ्ढस्क्रह्र 978-81-8143-755-6)

फुटकर रचनाएँ- केशों की कथा, स्वर्गसहोदर, ये दोनों मंगल घट (मैथिलीशरण गुप्त द्वारा लिखी पुस्तक) में संग्रहीत हैं।

अनूदित (मधुप के नाम से)-

संस्कृत- स्वप्नवासवदत्ता, प्रतिमा, अभिषेक, अविमारक (भास) (गुप्त जी के नाटक देखें), रत्नावली (हर्षवर्धन)

बंगाली- मेघनाथ वध, विहरिणी वज्रांगना (माइकल मधुसूदन दत्त), पलासी का युद्ध (नवीन चंद्र सेन)

फारसी- रुबाइयात उमर खय्याम (उमर खय्याम) [घ]

कविताओं का संग्रह - उछ्वास

पत्रों का संग्रह - पत्रावली

गुप्त जी के नाटक

उपरोक्त नाटकों के अतिरिक्त गुप्त जी ने चार नाटक और लिखे जो भास के नाटकों पर आधारित थे। निम्न तालिका में भास के अनूदित नाटक और उन पर आधारित गुप्त जी के मौलिक नाटक दिए हुए हैं:-

गुप्त जी के मौलिक नाटक भास जी के अनूदित नाटक

अनघ स्वप्नवासवदत्ता

चरणदास प्रतिमा

तिलोत्तमा अभिषेक

निष्क्रिय प्रतिरोध आविमारक

प्रकृति वर्णन

गुप्त जी द्वारा रचित खण्डकाव्य पंचवटी में सहज वन्य-जीवन के प्रति गहरा अनुराग और प्रकृति के मनोहारी चित्र हैं। उनकी निम्न पंक्तियाँ आज भी कविताप्रेमियों के मानस पटल पर सजीव हैं-

चारुचंद्र की चंचल किरणें, खेल रहीं हैं जल थल में,

स्वछ चाँदनी बिछी हुई है अवनि और अम्बरतल में।

पुलक प्रकट करती है धरती, हरित तृणों की नोकों से,

मानों झीम रहे हैं तरु भी, मन्द पवन के झोंकों से॥

# दीपिका पादुकोण ने शुरु की फिल्म पठान की शूटिंग

कोरोना के चलते लगे लॉकडाउन की पाबंदियों में मिली छूट के बाद कई फिल्मों की शूटिंग शुरू हो चुकी है। हालात को काबू में देखते हुए मेकर्स अपनी फिल्मों की शूटिंग की योजना बना रहे हैं। अब जानकारी सामने आ रही है कि दीपिका पादुकोण ने अभिनेता शाहरुख खान की फिल्म पठान की शूटिंग शुरू कर दी है। दीपिका इस फिल्म में एक अहम भूमिका में नजर आने वाली हैं। शाहरुख फिल्म में लीड किरदार में नजर आएंगे।

रिपोर्ट के मुताबिक, दीपिका ने मुंबई में शाहरुख के साथ पठान की शूटिंग शुरू कर दी है। एक इंस्टाग्राम यूजर ने दीपिका की तस्वीरें शेयर करते हुए यह जानकारी दी है, जो पठान के सेट पर मौजूद था। शनिवार को दीपिका को फिल्म के सेट से बाहर निकलते हुए स्पॉट किया गया था। फिल्म का निर्देशन सिद्धार्थ आनंद कर रहे हैं। शाहरुख और दीपिका को चेन्नई एक्सप्रेस और ओम शांति ओम जैसी फिल्मों में साथ देखा गया है। एक सूत्र ने बताया, शाहरुख और जॉन अब्राहम के बाद अब दीपिका ने भी बहुप्रतीक्षित फिल्म पठान की शूटिंग शुरू कर दी है। हमारी पीढ़ी के बड़े सुपरस्टार्स को महामारी के बावजूद शूटिंग शुरू करते हुए देखना वाकई में आश्चर्यजनक है। यह इंडस्ट्री को मजबूत और सकारात्मक संदेश देता है। जब पठान जैसी बड़ी फिल्म की शूटिंग शुरू होती है, तो इंडस्ट्री को नई स्फूर्ति मिलती है। दीपिका इस शेड्यूल के खत्म होने तक शूटिंग करेंगी। बताया जा रहा है कि वह अगले 15-20 दिनों तक इस फिल्म की शूटिंग करेंगी। सूत्र ने बताया कि उन्हें फिल्म में दीपिका के रोल के बारे में अधिक जानकारी नहीं मिली है। कहा जा रहा है कि दीपिका को एक अनोखे किरदार में देखा जाएगा। हालांकि, मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि फिल्म में दीपिका को एक खुफिया एजेंट के किरदार में देखा जाएगा। अभिनेत्री को फिल्म में भरपूर एक्शन अवतार में देखा जा सकता है।

फिल्म में जॉन को खलनायक की भूमिका में देखा जाएगा। शाहरुख और जॉन के बीच जबरदस्त फाइट सीन देखने को मिलेगा। डिंपल कपाड़िया फिल्म में अहम भूमिका में दिखेंगी। वहीं, फिल्म में सलमान खान को कैमियो की भूमिका में देखा जाएगा। फिल्म 83 में दीपिका क्रिकेटर कपिल देव की पत्नी रोमा देव की भूमिका में नजर आएंगी। उनके पति रणवीर सिंह फिल्म में कपिल देव की भूमिका में दिखने वाले हैं। इसके अलावा दीपिका मधु मंटेना की फिल्म महाभारत में द्रौपदी की भूमिका में नजर आ सकती हैं।

## अगर कश्मीर में रोमांस नहीं किया तो क्या किया: आकांक्षा पुरी

अभिनेत्री आकांक्षा पुरी और अभिनेता हिमांश कोहली अपने अगले म्यूजिक वीडियो की शूटिंग के लिए कश्मीर गए हुए हैं, जहां निर्देशक के कट कहे जाने के बाद भी आकांक्षा अपने को-स्टार को पुचकारते रहने से खुद को नहीं रोक पाईं। आकांक्षा ने कहा, आखिरकार किसी ने मुझे स्क्रीन पर रोमांस कराया और अगर कश्मीर में रोमांस नहीं किया तो क्या कि या। मुझे इतना मजा पहले कभी नहीं आया है। यहां ठंड का मौसम था, हवाएं चल रही थीं और आप अपने को-स्टार की बाहों में थे और क्या चाहिए। एक शॉट था, जिसमें कट कहे जाने के बाद भी मैं हिमांश को नहीं छोड़ रही थी क्योंकि मुझे उसे हग करने और पुचकारने में काफी मजा आ रहा था। हिंमाश को अपने अपोजिट पाकर मैं काफी खुश थी क्योंकि हम काफी अच्छे दोस्त हैं और हमारे बीच केमिस्ट्री काफी अच्छी है, जिसे बेशक आप पर्दे पर देख पाएंगे, जब गाना रिलीज हो जाएगा। मैं बिल्कुल उनके साथ दोबारा काम करना पसंद करूंगी। यह दूसरी बार है, जब आकांक्षा और हिमांश किसी प्रोजेक्ट में कास्ट हुए हैं और पहली बार ये दोनों एक-दूसरे के अपोजिट काम कर रहे हैं। यह गाना इस साल रिलीज होगा, जिसके शीर्षक पर अभी बात नहीं बनी है। टेलीविज़न इंडस्ट्री में आने से पहले वह एयर होस्टेस के रूप में काम कर चुकी हैं। पुरी ने अपने करियर की शुरुआत फिल्म एलेक्स पांडियन से की थी। जो कि साल 2013 में रिलीज हुई।

# काफी समय बाद म्यूजिक वीडियो में नजर आएंगे शाहरुख खान

बॉलीवुड के किंग खान के नाम से मशहूर शाहरुख खान किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं। उन्होंने पिछले कई दशकों से लाखों दर्शकों के दिलों पर राज किया है। शाहरुख अपनी फिल्मों में इमोशन, एक्टिंग, रोमांस और एक्शन का भरपूर तड़का लगाने के लिए जाने जाते हैं। ये अलग बात है कि वह काफी समय से बड़े पर्दे से दूर हैं। अब जानकारी सामने आ रही है कि शाहरुख बहुत जल्द एक म्यूजिक वीडियो में दिखने वाले हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, शाहरुख काफी समय बाद एक म्यूजिक वीडियो में स्क्रीन पर नजर आ सकते हैं। खबरों की मानें तो अभिनेता शाहरुख को हाल ही में एक स्टूडियो के बाहर स्पॉट किया गया है। कहा जा रहा है कि वह यहां एक प्रमुख हेयर-कलर ब्रांड के लिए म्यूजिक वीडियो को शूट करने के लिए आए थे। अब शाहरुख को ब्रांड को प्रमोट करने के लिए एक अनोखे और जोशीले गाने पर थिरकते हुए देखा जाएगा। सूत्र की मानें तो म्यूजिक वीडियो के जरिए शाहरुख प्रशंसकों से उनकी तरह आत्मविश्वासी और आकर्षक बनने का आग्रह करते नजर आएंगे। हाल में शाहरुख ने ट्विटर पर ह्यह्यस्क्र्य का आयोजन किया था, जिसमें प्रशंसकों ने उनकी आने वाली फिल्मों के बारे में कई सवाल पूछे थे। इसका जवाब देते हुए उन्होंने कहा था, मौजूदा स्थिति को देखते हुए मुझे लगता है कि फिल्म रिलीज के शेड्यूल को थोड़ा धैर्य और समझदारी के साथ बनाना चाहिए। शाहरुख की आखिरी फिल्म जीरो थी, जो 2018 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म का निर्देशन आनंद एल राय ने किया था। इस फिल्म की पटकथा हिमांशु शर्मा ने लिखी थी। इसमें शाहरुख के साथ जीशान अयूब, तिग्मांशु धूलिया, कैटरीना कैफ, अनुष्का शर्मा और सलमान खान जैसे दिग्गज कलाकार नजर आए थे। इस फिल्म से शाहरुख दर्शकों पर विशेष प्रभाव छोड़ने में नाकामयाब हुए थे। समीक्षकों ने इसे औसत दर्जे की फिल्म का टैग दिया था। शाहरुख के वर्कफ्रंट की बात करें तो उनकी कई फिल्में रिलीज की कतार में शामिल हैं।

# रत्सासन की हिन्दी रीमेक का नाम होगा मिशन सिंड्रेला, अक्षय और रकुल प्रीत आएंगे नजर

अक्षय कुमार बॉलीवुड के मौजूदा दौर के सबसे व्यस्त अभिनेताओं की सूची में शामिल हैं। इस साल उनकी कई फिल्में रिलीज हो सकती हैं। हाल के दिनों में अक्षय रंजीत तिवारी की एक फिल्म को लेकर सुर्खियों में थे। खबर सामने आई थी कि यह तमिल क्लासिक रत्सासन की हिन्दी रीमेक होगी। अब जानकारी सामने आ रही है कि रत्सासन की हिन्दी रीमेक का टाइटल मिशन सिंड्रेला रखा गया है। फिल्म में अक्षय के साथ रकुल प्रीत सिंह नजर आएंगी।

रिपोर्ट के मुताबिक, अक्षय अभिनीत रंजीत की रत्सासन की हिन्दी रीमेक का टाइटल मिशन सिंड्रेला निर्धारित किया गया है। एक सूत्र ने बताया, अक्षय की इस फिल्म का नाम मिशन सिंड्रेला है, जिसमें अक्षय एक पुलिस ऑफिसर की भूमिका निभा रहे हैं। मेकर्स फिल्म को यूनाइटेड किंगडम के कुछ लोकेशंस के साथ लंदन में शूट करने की योजना बना रहे हैं। यह एक एक्शन थ्रिलर फिल्म होगी। सूत्र ने आगे बताया कि इस फिल्म में अक्षय बच्चों का अपहरण करने वाले गिरोह को पकड़ने के लिए मिशन को अंजाम देते हुए नजर आएंगे। बताया जा रहा है कि फिलहाल निर्माता ने अस्थायी रूप से इस प्रोजेक्ट को सिंड्रेला या मिशन सिंड्रेला नाम दिया है। इस फिल्म को जैकी भगनानी और वाशु भगनानी द्वारा प्रोड्यूस किया जाएगा। अभी फिल्म के लिए प्री-प्रोडक्शन काम शुरू हो चुका है। इस फिल्म की शूटिंग अगस्त में शुरू हो सकती है।

अक्षय इससे पहले कई रीमेक फिल्मों के प्रोजेक्ट में काम कर चुके हैं। अक्षय ने कंचना की हिन्दी रीमेक लक्ष्मी में काम किया था, जो पिछले साल रिलीज हुई थी। वह आने वाले दिनों में अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म बच्चन पांडे में भी नजर आएंगे, जो तमिल फिल्म जिगरथंडा की हिन्दी रीमेक है। इस फिल्म में अक्षय के साथ जैकलीन फर्नांडिस, कृति सेनन और बॉबी देओल अहम भूमिकाओं में दिखने वाले हैं। फिल्म का निर्देशन फरहाद सामजी कर रहे हैं।

रत्सासन 2018 में रिलीज हुई थी। फिल्म में दिखाया गया है कि कैसे फिल्म का अहम पात्र अरुण फिल्म निर्माता बनने के सपने को छोड़ देता है और अपने पिता की मृत्यु के बाद एक पुलिस अधिकारी की नौकरी करता है। वह एक साइको किलर को ट्रैक करने की कोशिश करता है, जो छात्राओं को निशाना बनाता है। फिल्म का निर्देशन राम कुमार ने किया है, जिसमें अमला पॉल, अम्मू अभिरामी और काली वेंकट अमह भूमिका में दिखे हैं।

अक्षय की कई फिल्में रिलीज की कतार में शामिल हैं। वह इस साल फिल्म सूर्यवंशी में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म के निर्देशक रोहित शेट्टी हैं, जिसमें अक्षय कैटरीना कैफ के साथ दिखेंगे। अक्षय को फिल्म अतरंगी रे में देखा जाएगा। इस फिल्म में उनके साथ सारा अली खान दिखाई देंगी। वह पृथ्वीराज और रक्षाबंधन जैसी फिल्मों में भी दिखने वाले हैं। इसके अलावा वह फिल्म राम सेतु भी प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे।

# जानिए नूडल्स खाना कितना खतरनाक हो सकता है

दिन में तीन बार भोजन करने के अलावा बहुत भूख लग रही है? आसान समाधान खोज रहे हैं? अगर ऐसा है तो कई लोग ऐसे भी हैं जो कम समय में पेट भरने का उपाय खोजने के लिए समय पर किचन नहीं जाते हैं। ऐसे में बहुत से लोग इंस्टेंट नूडल्स पसंद करते हैं। खासकर छात्रों से लेकर व्यस्त लोगों तक, इंस्टैंट नूडल्स का हर कोई फैन होता है। फिर से खाना बनाने की परेशानी से बचने के लिए कई लोग इस खाने का इस्तेमाल दिन-ब-दिन करते हैं। तो इस प्रकार के नूडल्स की लोकप्रियता अब अपने चरम पर है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इन नूडल्स से पेट भरने में क्या नुकसान है? आप नहीं जानते होंगे ङ्क आप अनजाने में इन सभी खाद्य पदार्थों के लिए खतरा ला रहे हैं। न्यूट्रिशनिस्ट्स के मुताबिक, अगर उबला हुआ खाया भी जाए तो ये फूड किसी भी दूसरे जंक फूड से ज्यादा हानिकारक होते हैं। पोषण विशेषज्ञ कहते हैं कि इस प्रकार के भोजन का कोई पोषण मूल्य नहीं होता है। बल्कि इसमें मौजूद सिंथेटिक केमिकल्स शरीर की अतिरिक्त चर्बी को बढ़ा देते हैं। डॉक्टरों के मुताबिक इंस्टेंट नूडल्स में सिंथेटिक एंटीऑक्सीडेंट टीबीएचक्यू होता है। जो शरीर में 0.02-0.03 प्रतिशत से ज्यादा पहुंच जाए तो खतरनाक हो सकता है। यह लगभग 300 मिलीग्राम प्रति किलो होने की सिफारिश की जाती है। लेकिन नूडल्स में मात्रा इतनी अधिक होती है कि यह धीरे-धीरे लीवर की पुरानी बीमारी का कारण बनती है और पाचन प्रक्रिया को बाधित करती है। नूडल्स को पचने में काफी समय लगता है। तो पेट भारी लगता है। नतीजतन, कई लोग नूडल्स खाने, पाचन विकार और यहां तक कि उल्टी करने के बाद भी अपनी भूख खो देते हैं। हानिकारक मोनोसोडियम ग्लूटामेट की उपस्थिति के कारण, इस भोजन के अत्यधिक सेवन से लीवर की समस्याओं के अलावा विभिन्न तंत्रिका संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। शरीर में हानिकारक कोलेस्ट्रॉल और मोटापा भी इन्हीं हानिकारक तत्वों के कारण होता है। इसलिए भूख मिटाने के लिए इंस्टेंट नूडल्स पर भरोसा करने से पहले सावधान हो जाएं।

# बालों को सेट करने के अलावा इन कार्यों को भी आसान बना सकता है हेयर स्प्रे

आमतौर पर आपने हेयर स्प्रे का इस्तेमाल बालों को सेट करने के लिए किया होगा, लेकिन क्या आप जानते हैं कि इसके अलावा अन्य कई कार्यों के लिए भी हेयर स्प्रे का इस्तेमाल किया जा सकता है। आप चाहें तो घर के अलग-अलग कामों के लिए और अन्य चीजों के विकल्प के रूप में हेयर स्प्रे का इस्तेमाल कर सकते हैं। चलिए फिर आज हेयर स्प्रे से जुड़े ऐसे ही कुछ अद्भुत हैक्स के बारे में जानते हैं।

**जाम चीजों को ठीक करने के लिए करें इस्तेमाल:** अगर आपके किसी कपड़े में लगी चैन जाम हो गई है तो इसे ठीक करने के लिए आप हेयर स्प्रे का इस्तेमाल कर सकते हैं। आपको बस इतना करना है कि हेयर स्प्रे को कपड़े की जाम चैन पर अच्छे से छिड़के दें। इसके बाद चैन आराम से बंद और खुलने लगेगी। इसके अलावा अगर आपके घर के दरवाजे और खिड़कियां जाम हो गए हैं तो उन्हें ठीक करने के लिए भी हेयर स्प्रे का इस्तेमाल कर सकते हैं।

**फूल और पौधों को मुरझाने से बचाएं:** आमतौर पर लोग घर की सजावट के लिए फूल और पौधों का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन वे जल्द ही मुरझा जाते हैं। ऐसे में हेयर स्प्रे के इस्तेमाल से इनका रंग-रूप बदला जा सकता है। दरअसल, हेयर स्प्रे के प्रभाव से फूलों और पौधों को हरा-भरा रखा जा सकता है, इसलिए जब भी आप घर को असली फूलों से सजाएं तो उन पर थोड़ी दूरी से हेयर स्प्रे का छिड़काव करें।

**लेदर के हैंडबैग को चमकाएं:** जिस प्रकार जूतों को नियमित अंतराल पर पॉलिश की जरूरत होती है, ठीक उसी प्रकार लेदर से बने हैंडबैग आदि को भी नियमित अंतराल पर पॉलिश की जरूरत होती है और इसके लिए आप हेयर स्प्रे का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए एक सूती कपड़े पर थोड़ा सा हेयर स्प्रे छिड़कें और इससे अपने लेदर के हैंडबैग की पॉलिश करें। यकीनन इससे आपके लैदर के हैंडबैग की चमक नई जैसी लगेगी।

**दीवार से हटाएं इंक और मार्कर के निशान:** अगर आपके घर में छोटे बच्चे हैं तो आपको आए दिन घर की दीवारों से इंक और मार्कर के निशान साफ करने के लिए मेहनत करनी पड़ती होगी। आप चाहें तो इस काम को आसान बनाने के लिए हेयर स्प्रे की मदद ले सकते है। इसके लिए इंक या मार्कर के निशान वाली दीवार पर हेयर स्प्रे छिड़कें। और फिर किसी मुलायम कपड़े से इसे धीरे-धीरे रगड़कर साफ कर दें। इससे निशान पूरी तरह से चले जाएंगे।

## 'भेड़िया' की शूटिंग आई नजदीक, वरुण धवन ने लंबे बालों को कहा गुडबाय

अभिनेता वरुण धवन ने सोशल मीडिया पर जानकारी दी कि उनकी आने वाली फिल्म 'भेड़िया' की शूटिंग खत्म होने वाली है, बस एक काम बचा हुआ है। वरुण ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की हैं, जिसमें वह शीशे के सामने लंबे बाल और दाढ़ी के साथ नजर आ रहे हैं। अभिनेता ने लिखा है, आखिरी दिन। अगले 24 घंटों में 'भेड़िया' के कुछ आखिरी मुख्य दृश्यों को फिल्माया जाएगा। चूंकि हमें फिल्म से जुड़े किसी भी दृश्य की तस्वीर को जारी करने की इजाजत नहीं दी गई इसलिए यह आखिरी बार है जब मैं आईने के सामने आया और कुछ समय के लिए रूककर कहा कि मेरे निर्देशक ने मुझमें जो कुछ बदलाव किए हैं, उन्हें अलविदा कहने का समय आ गया है। यह एक सुपरनैचुरल थ्रिलर फिल्म है, जिसमें कृति सेनन, अभिषेक बनर्जी और दीपक डोबरियाल मुख्य भूमिकाओं में हैं।

## वन-टू-वन

### केनपुरा हरियालो राजस्थान अभियान के तहत किया वृक्षारोपण

पाली / निकटवर्ती पाली ब्लाक के ग्राम पंचायत वडेर वास के राजस्व गांव केनपुरा सीरवी समाज भवन सहित अलग-अलग स्थानों पर 500 वृक्ष लगाए गए। पर्यावरण संरक्षण एवं हरियालो राजस्थान के अभियान में वृक्षारोपण किया गया। कोराना काल में ऑक्सीजन की कमी को देखते हुए प्रदेश भर में वृक्षारोपण का अभियान चलाया जा रहा है। इसी संदर्भ में ग्राम पंचायत वडेर वास के राजस्व गांव केनपुरा सीरवी समाज भवन सहित अलग-अलग स्थानों पर भारत माता की जय जयकारों के साथ मातृशक्ति के नेतृत्व में वृक्षारोपण किया गया पूर्व सरपंच प्रतिनिधि व समाजसेवी मांगीलाल सिरवी निवासी केनपुरा ने प्रत्येक वृक्ष की देखभाल करने की आमजन को शपथ दिलाई गई। वृक्ष ही हमारी मुख्य जान हैं और इनकी रक्षा करना हमारी पहली प्राथमिकता रहेगी। प्रकृति के साथ हो रहे खिलवाड़ से बचने के लिए एकमात्र उपाय वृक्षारोपण। और वृक्षों की देखभाल बच्चों की तरह की जाए वृक्ष का महत्व के बारे में वर्णन तो नहीं कर सकते लेकिन प्रकृति वृक्ष के ऊपर ही निर्भर हैं। वृक्षारोपण करने से हम ऑक्सीजन की कमी को पूरा नहीं कर सकते लेकिन हर व्यक्ति को संकल्प के साथ प्रत्येक वर्ष एक वृक्ष लगाने की प्रेरणा ले तो आने वाले समय में प्रकृति के साथ खिलवाड़ भी नहीं होगी और ऑक्सीजन की कमी महसूस नहीं होगी । आई ए आर विनोद सीरवी ने पर्यावरण संरक्षण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सभ्यता को विनाश से बचाने हेतु पर्यावरण संरक्षण अति आवश्यक है। और पर्यावरण संरक्षण हेतु वृक्षारोपण पर अधिक से अधिक जोर देना होगा। वृक्ष धरती मां का श्रृंगार है। हम सबको इस पुनीत कार्य में सहयोग करना होगा। वृक्षारोपण को हमें एक आंदोलन के रूप में लेने की आवश्यकता है।

### माता पिता अपने बच्चों को भारतीय संस्कृति से परिचित करावे : संत महात्मा सौम्यानंद

**पुष्पाजंली टुडे**

कर्नाटक-मैसूरु जिला के चिकहल्ली में स्थित मां राजेश्वरी आश्रम में आज गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष में महात्मा सौम्यानंद व महात्मा रंजनानंद महाराज का पूजन किया गया द्य सत्संग का आयोजन रखा गया द्य जिसमें भजनकार नारायणलाल चौयल व झूमरलाल वैष्णव द्वारा राजस्थानी लोक भजन की प्रस्तुति दी गई द्य संत महात्मा सौम्यानंद ने अपने प्रवचन में कहा कि भारत देश दुनिया को दिशा दे सकता द्य माता पिता अपने बच्चो को अच्छे संस्कार दे द्य उन्हें भारतीय रीति रिवाज व अपनी संस्कृति से परिचित कराये द्य छोटे से बीज में विशाल वृक्ष बनने की संभावनाएं रहती है द्य अपनी संतान को अच्छे के साथ सच्चा बनाएं द्य कार्यक्रम का समापन महाआरती के साथ हुआ द्य इस अवसर पर सीरवी समाज महासभा कर्नाटक के अध्यक्ष भीरमराम सोलंकी,राजस्थान विष्णु सेवा ट्रस्ट नवयुवक मंडल अध्यक्ष पृथ्वी सिंह चांदावत, पर्यावरण जागृति वैदिके बनूर के अध्यक्ष महेन्द्र सिंह राजपुरोहित, सीरवी समाज चनपटण के पूर्व अध्यक्ष सेसाराम सेणचा,कर्नाटक सीरवी समाज मैसूरु के पूर्व अध्यक्ष ढगलाराम चौयल,पूर्व सचिव पूखराज परिहार,रक्तदान महादान गोभक्त संगठन ट्रस्ट के अध्यक्ष देवेंद्र परिहारिया सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे द्य मंच संचालन प्रेम किशोर बर्फ़ा ने किया ।

### वृक्ष कार्बन डाइऑक्साइड लेकर आक्सीजन देता है

गोहद-सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोहद में सोमवार को वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ अस्पताल कर्मचारियों ने वृक्षारोपण के महत्व को ध्यान में रखते हुए समय-समय पर वृक्षारोपण करने पर जोर दिया पर्यावरण में बढ़ते वायु प्रदूषण के कारण वृक्षारोपण की अधिक से अधिक आवश्यकता है ब्रक्ष कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित कर हमें जीवनदायिनी ऑक्सीजन गैस प्रदान करते हैं पर्यावरण कार्यक्रम का शुभारंभ बीएमओ डॉ आलोक शर्मा द्वारा किया गया मध्य प्रदेश के चंबल संभाग अध्यक्ष रवि कुमार जोशी ने कहा कि हमें पर्यावरण संरक्षण की सीख सनातनी सभ्यता से लेनी चाहिए जहां पर्यावरण और मानव सभ्यता के बीच संतुलन बनाए रखने की सीख मिलती है इस मौके पर अस्पताल कर्मचारी बीपीएम, बीसीएम राघवेंद्र सिंह राजावत, लेखापाल संजय शाक्य, लैब टेक्नीशियन लोकरंजन श्रीवास्तव लैब टेक्नीशियन मुनेंद्र बघेल संगणक मनोरमा कौरव टीवी एचव्ही रमाकांत मिश्रा राधेश्याम आलोक रवि आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

# माँ पीताम्बरा की नगरी जिला दतिया इंदरगढ़ में भारतीय नमो संघ संगठन की हुई वृहद बैठक का आयोजन

**जिला दतिया इंदरगढ़ की जनता के द्वारा दिये गए सम्मान का हमेशा ऋणी रहूँगा: मुकेश दीक्षित**

**मोदी सरकार की नीतियों और जनकल्याण कारी योजनाओं को जन जन तक पहुचाना नमो संघ का उद्देश्य**

**नमो संघ संगठन विस्तार के तहत अमन मिश्रा को नमो संघ युवा मोर्चा का प्रदेश महामंत्री बनाया गया**

**विवेक सेन रिपोर्टर, पुष्पांजली टुडे**

जिला दतिया / भारतीय नमो संघ एवँ सनातन धर्म गौरक्षा प्रकोष्ठ के तत्वाधान में जिला दतिया के इंदरगढ़ में एक विशाल वैठक का आयोजन माँ संतोषी माता मंदिर प्रांगण में किया गया ,जिसमें मुख्य अतिथि बतौर भारतीय नमो संघ के प्रदेश अध्यक्ष भाजपा नेता मुकेश दीक्षित मौजूद रहे, ओर वंही विशिष्ट अतिथि बतौर मथुरा बलदेव मंदिर के महंत श्री लड्डू गोपाल जी, नमो संघ के प्रदेश प्रचारक सुधीर तिवारी ,एवँ नमो संघ किसान मोर्चा के संभागीय महासचिव रमेश उर्फ मोदी यादव ,तथा भाजपा मंडल अध्यक्ष रामलखन गुर्जर ,मंडल महामंत्री रामस्वरूप मंडलीय,हरिकिशन कुशवाह,मौजूद रहे उक्त मीटिंग की अध्यक्षता भाजपा युवा नेता अमन मिश्रा ने की,एव संचालन सुनील सेन ने किया,इस अवसर पर मुख्य अतिथि बतौर पधारे भाजपा नेता नमो संघ के प्रदेश अध्यक्ष मुकेश दीक्षित ने कहा नमो कोई व्यत्ति नही बल्कि एक विचार है और राष्ट्र प्रगति का आधार है, नमो संघ का उद्देश्य

मोदी सरकार की नीतियों एव जनकल्याण कारी योजनाओं को आम जनता के बीच पहुँचाकर उनको फायदा दिलाने का कार्य करना है, उन्होंने आगे कहा नमो संघ का उद्देश्य जातिवाद अलगाववाद भ्रष्टाचार मुक्त अखंड आत्म निर्भर भारत का निर्माण करना है,इस अवसर पर सभी साथियों ने गौरक्षा को लेकर संकल्प लिया, ओर कहा कि पूरे मध्यप्रदेश में सनातन धर्म की पूज्यनीय आस्था का प्रतीक गौमाता जो आज हजारों लाखों की संख्या में आवारा सड़को पर घूम रही है ,उनकी सुरक्षा व्यवस्था हेतु जिला स्तर पर नमो संघ गौशालाएं निर्मित करायेगी, ओर आवारा गायों के भरण पोषण एवँ उनकी सुरक्षा व्यवस्था हेतु कार्य करेगा,इस अवसर पर मुकेश दीक्षित ने कहा कि सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में गौमाता को राष्ट्रीयता का दर्जा दिलाने हेतु हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा और 50 लाख लोगों के हस्ताक्षर अभियान के बाद एक ज्ञापन महामहिम राष्ट्रपति महोदय एव देश के यशस्वी प्रधानमंत्री महोदय को ज्ञापन सौंपा जाएगा,, उन्होंने आगे कहा कि मोदी सरकार की जनकल्याण कारी योजनाओं में हो रहे भ्रष्टाचार को रोकने हेतु नमो संघ का एक एक कार्यकर्ता कार्य करने के लिए संकल्प बद्ध है,उक्त वैठक में नमो संघ के संगठन विस्तार के तहत कार्यकारिणी का विस्तार किया गया और इस अवसर पर भाजपा युवा नेता अमन मिश्रा को नमो संघ युवा मोर्चा का प्रदेश महामंत्री नियुत्त किया गया,, उनके मनोनयन पर सभी साथियों ने बधाई दी, ओर नमो संघ के प्रदेशाध्यक्ष मुकेश दीक्षित ने माल्यार्पण कर नवनियुक्त पदाधिकारी अमन मिश्रा का स्वागत किया,, तत्पश्चात शहर में एक जनजागरण रैली का आयोजन किया गया, एवँ बृक्षारोपण का भी कार्यक्रम किया गया,,, इस अवसर पर नवीन कुशवाह,आंनद यादव,विनोद यादव,अंकित झा,जीतू यादव रानू यादव,गौरव शर्मा ,जैकी यादव,सुरेंद्र गुपता,सहित सेकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भाजपा देश की सबसे बड़ी पार्टी गरीबों व किसानों के लिए हमेशा सोचती है गजेंद्र सिंह तोमर

**गौरव शर्मा रिपोर्टर, पुष्पांजली टुडे**

मुरैना / पोरसा भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल पोरसा की कार्यसमिति बैठक माथुर वैश्य धर्मशाला मैं हुई संपन्न इस बैठक में पोरसा नगर की सभी कार्य समिति सदस्य व अपेक्षित कार्यकर्ता उपस्थित रहे कार्यसमिति बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में पार्टी के वरिष्ठ नेता गजेंद्र सिंह तोमर रहे कार्यसमिति बैठक में मुख्य वक्ता द्वारा बताया गया कि भारतीय जनता पार्टी देश की सबसे बड़ी पार्टी है इस पार्टी ने देश के किसानों गरीबों के बारे में युवाओं के रोजगार और विकास के बारे में हमेशा सोचा है पूरे भारतवर्ष में हॉस्पिटल मैं ऑक्सीजन प्लांट डॉक्टरों स्टाफ की कमियों को पूरा किया वैक्सीन पूरे भारत वर्ष में उपलब्ध कराई नियमित लोगो को वैक्सीन लगाई जा रही है दिसंबर तक पूरे भारत में सभी को वैक्सीन लगाने

का भी लक्ष्य को पूरा करेंगे भाजपा में पार्टी कार्यकर्ता ही रीड की हड्डी है पार्टी कार्यकर्ता ही चुनाव के समय अपना अमूल्य समय पार्टी के लिए समर्पित करते हैं और पार्टी की जीत में अपनी अहम भूमिका निभाते है

बैठक के अवसर पर मुख्य अतिथि गजेंद्र सिंह तोमर विशिष्ट अतिथि बच्चू लाल गुप्ता अध्यक्षता राम कुमार गुप्ता नगर मंडल अध्यक्ष पोरसा प्रभारी साहिब सिंह तोमर संचालन संतोष उपाध्याय जी के द्वारा किया गया महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम को सुरु किया गया इस अवसर पर राजकुमार व्यास मुन्ना सिंह तोमर राकेश उपाध्याय मोहर सिंह तोमर दिलदार सिंह तोमर सत्य-नारायण गुप्ता आनंद सिंह तोमर हरिशंकर गुप्ता डॉक्टर गिरीज कमलेश जाटव धीरज पचौरी डॉक्टर अनिल गुप्ता अरविंद सिंह तोमर अशोक सिंह तोमर लक्ष्मी शर्मा अवधेश राजोरिया शिवराज सिंह तोमर मनोज पाठक राघवेंद्र कटारे संदीप उपाध्याय संजय बाल्मिकी वीरू तोमर कल्लू वर्मा सौरभ तोमर रमाकांत शर्मा लोकेंद्र तोमर निखिल तोमर पवन शर्मा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कुलदीप ने लहराया परचम गोल्ड मेडल जीतकर किया खेरागढ़ तहसील का नाम रोशन

**संजय सिंह रिपोर्टर, पुष्पांजली टुडे**

खेरागढ़ कहती है के इंसान को कुछ कर गुजरने का जोश और जुनून होता है वहीं कामयाबी की बुलंदी तक पहुंचता है ऐसी बुलंदियों को छूने वाले गांव का नाम रोशन करने वाले खेरागढ़ तहसील के गांव अ ऐ ला धावक कुलदीप सिकरवार ने दिल्ली में हुई 400 मीटर की दौड़ प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल जीतकर अपनी तहसील के नाम राष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन किया आज जब होनहार धावक गांव लौट कर आया तो खुशी के लवरेज हाथों हाथ उठा लिया और बैंड बाजों के साथ स्वागत किया यहां पर बधाई देने पहुंचे खैरागढ़ ब्लॉक प्रमुख गोपाल सिंह सिकरवार ने हौसला बढ़ाया और बधाई दी इसी अवसर पर मनीष कुमार पूर्व जिला पंचायत सदस्य मानवेंद्र सिंह सिकरवार और करणी सेना के उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह सिकरवार और प्रभावित लोगों ने बधाई और शुभकामनाएं दी।

## युवा विकास मण्डल की मित्रता दिवस पर बैठक हुई सम्पन्न

**विवेक चौहान रिपोर्टर, पुष्पांजली टुडे**

ग्वालियर / मित्रता दिवस के अवसर पर गिर्द विकास युवा मण्डल ग्वालियर के सभी साथियों द्वारा आज 01.08.2021 को नरसिंह भगवान मंदिर सिमरिया टांका पर मित्र मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमे मण्डल के संचालक गजेन्द्र सिंह चौहान द्वारा सभी साथियों को अपने संबोधन में बताया कि मित्रता का संबंध बहुत ही पवित्र होता हैं, भगवान श्रीकृष्ण व सुदामा जी की मित्रता से हमें सीखना चाहिए व एक मित्र को दूसरे की मदद के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए, इस अवसर पर मण्डल के सदस्य बंटी रावत, गजेन्द्र रावत, सीताराम कुशवाह, दीपराज कुशवाह, अमित राठौर, भरत राठौर, मनोज शाक्य, बलवीर शाक्य, शिवराज रजक, जितेन्द्र जोशी, मनीष नामदेव, राहुल सेंगर, अमन चौहान उपस्थित रहे, सभी सदस्यों द्वारा एक दूसरे को मित्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं व मंडल के सदस्य सीताराम कुशवाह व शिवराज रजक द्वारा लोकगीत भी प्रस्तुत किये।

## संयुक्त राष्ट्र में सुरक्षा परिषद की बैठक की अध्यक्षता करना पीएम का भारत की विचारधारा के लिए अनुकरणीय कदम : चौधरी मुकेश सिंह

**(पीएम नरेंद्र मोदी के संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक की अध्यक्षता के माध्यम से भारत की विदेश नीति के साथ अच्छे संबंध स्थापित होंगे : श्रीमती संध्या राय)**

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड(ब्यूरो)। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष भिंड दतिया लोकसभा सांसद श्रीमती संध्या राय ने कहा है कि संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा परिषद की बैठक की अध्यक्षता करना यह भारत के लिए गौरवान्वित है यह हमारी विचारधारा के 7 विदेश नीति से भारत के मधुर संबंध स्थापित होंगे और देश की सुरक्षा के लिए भी अनुकरणीय कार्य के साथ भारत की मजबूती के साथ सुरक्षा नीति के तहत आगे आत्मनिर्भर की दिशा में कार्य करेगा द्य

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सांसद श्रीमती राय ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी पहले भारतीय प्रधानमंत्री जो राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता करेंगे 75 साल से भी अधिक समय में भारतीय राजनीतिक नेतृत्व के लिए ऐसा अवसर पहली बार आया है पीएम मोदी 15 संसदीय सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता मैं अपना भारत की मजबूती के लिए योगदान देंगे ताकि हमारी सुरक्षा राष्ट्र के लिए मजबूत होद्य

उन्होंने कहा की पीएम मोदी का कुशल नेतृत्व ने संयुक्त राष्ट्र में भारत के पूर्व राजदूत रहे सैय्यद अकबरुद्दीन ने कहा कि पीएम मोदी ऐसे भारतीय प्रधानमंत्री है जो संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक मैं भारत की ओर से अध्यक्षता करते हुए अपना नेतृत्व करेंगे।

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व विधायक चौधरी मुकेश चतुर्वेदी ने भी पीएम नरेंद्र मोदी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बधाई दी 7 राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की वर्चुअल बैठक की अध्यक्षता के माध्यम से भारत की सुरक्षा के लिए अपना मजबूत पक्ष रखेंगे ताकि आतंकवाद जैसी घटनाएं भारत में ना हो बैठक की अध्यक्षता करना भारत के 130 करोड़ जनता के लिए यह सौभाग्य की बात है कि हमारे देश के ऐसे पीएम जो मोदी जी का नेतृत्व आज संयुक्त राष्ट्र की बैठक की अध्यक्षता करने के लिए उनको आमंत्रित किया है जिससे हमारी विदेश नीति से भारत के मधुर संबंध भी अच्छे होंगे इस देश पर अधिकांश कांग्रेस की सरकार नहीं जिन्होंने भारत की सुरक्षा के लिए कोई कठोर कदम नहीं उठाए मोदी जी का मार्गदर्शन संयुक्त राष्ट्र की बैठक की अध्यक्षता के माध्यम से भारत की जनता को मिलेगा 1 अगस्त को ही 1 माह के लिए सुरक्षा परिषद के अस्थाई सदस्य भारत को पहली बार संयुक्त राष्ट्र के सर्वोच्च संगठन की अध्यक्षता करने का अवसर मिला है।

# भाजपा अध्यक्ष ने जिला हॉस्पिटल में जेल के गिरने से घायल लोगो का हालचाल जाना

**(पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह ने भी घायल कैदियों का जाना हालचाल)**

**नीरज त्रिपाठी पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड(ब्यूरो)। भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर ने भिंड जिले में हो रही भारी आबिदा बारिश होने के कारण मीरा कॉलोनी स्थित जेल चारों ओर से क्षतिग्रस्त हो गई घटना की जानकारी मिलते ही पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ जिला अस्पताल पहुंचे उन्होंने घायल कैदियों से घटना की जानकारी ली और उन्हें विश्वास दिलाया आपके साथ पार्टी का कार्यकर्ता सत्ता और संगठन हर संभव मदद के लिए आगे आएगा मैं आपके जल्दी स्वास्थ्य की कामना करता हूं।

भाजपा जिला अध्यक्ष गुर्जर ने घायल कैदियों से मिलने के बाद अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक और जिला सीएमएचओ सिविल सर्जन एवं नर्सिंग

स्टाफ से आग्रह किया कि इलाज में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाए उनका व्यापक स्तर पर अच्छा से अच्छा इलाज किया जाए ताकि वह जल्दी स्वस्थ हो ।

पार्टी जिला अध्यक्ष गुर्जर ने कहा की जेल की घटना काफी गंभीर है दुखद है प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के गृह मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा जिले के प्रभारी मंत्री गोविंद राजपूत एवं सत्ता और संगठन के प्रदेश पदाधिकारी भी काफी चिंतित हैं घटना की जानकारी के साथ कैदियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया गया है कि जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन एवं जेल के वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रयास से कैदियों को सुरक्षित निकालने में मुख्य भूमिका निभाई है मैं उन्हें बधाई देता हूं ।

भाजपा जिला अध्यक्ष गुर्जर के साथ जिला कार्यालय प्रभारी उपेंद्र शर्मा भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला मंत्री रक्षपाल सिंह राजावत नगर महामंत्री राजीव उपाध्याय प्रमुख थे ।

भाजपा के वरिष्ठ नेता भिंड विधानसभा के पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह भी अपने पार्टी कार्यकर्ताओं समर्थकों के साथ जिला अस्पताल पहुंचे जहां जेल के क्षतिग्रस्त होने के उपरांत घायल हुए कैदियों को देखने गए और उनसे पूछताछ की शीघ्र स्वास्थ्य की कामना करते हुए मदद करने का उन्हें भरोसा दिलाया ।

## दबोह में भारी बारिश के चलते मकान ढहा

# पूरा परिवार दबा,16 वर्षीय बच्ची की मौत

**दबोह(अर्पित गुप्ता)**

कस्वा दबोह मे दिल दहला देने वाली घटना से पूरा नगर स्तम्भ है बार्ड क्रमाक 01 मे संतोष नायक का कच्चा मकान रात्रि तेज बारिश के चलते भरभरा कर गिर पडा जिससे गहरी नींद मे सो रहा पूरा परिवार मलबे के नीचे दब गया रात्रि घटना दो बजे की बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार मृतिका के चाचा दिलीप नायक पेशे से पत्रकार हैं जिन्होंने रात मे ही प्रसाशन को सूचना दे दी थी मौके पर बचाव दल तथा मौहल्ले वासियों के मदद से मलबे में दबे लोगों को निकाला गया तथा घायलो को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लहार भेजा गया।जहाँ उपचार के दौरान 16 बर्षीय पुत्री प्रगति नायक को उपचार देने वाले डॉक्टरों ने मृत धोषित किया है।यहाँ बताना मुनासिब होगा पीड़ित परिवार की आर्थिक स्थिति बहुत दयनीय है प्रसाशन से कई बार प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास स्वीकृति के लिए हितग्राही द्वारा कई आवेदन संबंधित कार्यालय में प्रस्तुत किये गये है मगर हितग्राही को सुविधा शुल्क न दे पाने की स्थिति मे भष्ट्र अधिकारियो द्वारा आज दिनांक तक प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत नहीं हो पाया है।

भिंड जिले मे विगत कई दिनों से हो रही बारिश के चलते पूर्व मे जिला जेल धराशायी होने से बीस कैदी घायल हो गये थे और अब यह घटना जिले की दूसरी बडी घटना के रूप मे देखी जा रही है।फिलहाल तो खबर लिखे जाने तक घटना से पीड़ित शेष परिजन जिंदगी और मौत के बीच झूल रहे है।घायल होने वालों में मृतक लड़की के पिता संतोष नायक उम्र लगभग 55 वर्ष,माता नंदनी उम्र लगभग 48 वर्ष,बहिन लाली उम्र 20 वर्ष,बहिन रचना 18 वर्ष,बहिन सोनाली 16 वर्ष व भाई गुड्डू उम्र 17 वर्ष शामिल हैं।घटना के बाद सुबह लहार एसडीएम आर ए प्रजापति पीड़ित परिवार के बीच पहुंचे।घटना स्थल का मुआयना करने के बाद उन्होंने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि पीड़ित परिवार को शासन की योजना के तहत 4 लाख रुपये की सहायता राशि व जो सामान नष्ट हुआ है उसकी मुआयना राशि दी जाएगी।

### घटना की जानकारी मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी व नेता पहुंचे पीड़ित परिवार के बीच

यहां बता दें कि जब सुबह मृतिका को लहार अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया उसके बाद लहार अस्पताल में पीड़ित परिवार से मिलने लहार एसडीओपी अवनीश बंसल व भाजपा नेता अम्बरीष शर्मा गुड्डू भैया पीड़ित परिजनों से मिलने व घायलों का हाल जानने पहुंचे।

### पात्र हितग्राहियों को जल्द स्वीकृत को आवास-अम्बरीष शर्मा

घटना की जानकारी मिलते ही पीड़ित परिवार के बीच भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजपा नेता अम्बरीष शर्मा गुड्डू भैया पहुंचे।पीड़ित परिवार के परिजनों से मिलने के बाद उन्होंने परिवार की पीड़ा को जाना और परिवार के द्वारा आवास योजना का लाभ न मिलना बताया।जिसके बाद भाजपा नेता अम्बरीष शर्मा ने नगर परिषद दबोह को चेतावनी देते हुए कहा कि नगर परिषद अधिकारी जल्द से जल्द पात्र हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ प्रदान कराएं

### इनका कहना

घटना की जानकारी मिलते ही सुबह पीड़ित परिवार के बीच पहुंचकर मौके का मुआयना किया व शोक संवेदना व्यक्त की।पीड़ित परिवार को शासन की योजनाओं का लाभ दिलवाया जाएगा और जो भी सम्भव प्रयास होंगे वह किये जायेंगे।

**आर ए प्रजापति**
**एसडीएम लहार**

---

घटना बड़ी ही झंझकोर कर रख देने वाली एवम दुखद है।ईश्वर नायक जी के परिवार को इस मुश्किल घड़ी से लड़ने की ताकत प्रदान करे।साथ ही उन्होंने कहा कि लगातार बारिश जारी है जिसके चलते सभी लोग अपने अपने घरों का आँकलन करलें और अगर कोई समस्या दिखती है और प्रशासन की कोई सहायता चाहिए हो तो अवस्य अवगत कराएं।

**अवनीश बंसल**
**एसडीओपी लहार**

## मनिहारी विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण अभियान

पाली। भारती फाउंडेशन द्वारा संचालित सत्य भारती स्कूल मनिहारी और राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मनिहारी में वृक्षारोपण किया गया अध्यापक नारायण लाल ने बताया है कि विद्यालय के संस्था प्रधान पूना राम के मनोबल तथा जनभागीदारी से विद्यालय में वृक्षारोपण किया गया । इस मौके पर पाली पंचायत समिति प्रधान मोहनी देवी पुखराज पटेल , पाली पंचायत समिति विकास अधिकारी मोहन लाल चौधरी , ग्राम पंचायत मनिहारी सरपंच भैरू सिंह शेखावत, ग्राम विकास अधिकारी हरी पटेल , पुलिस चौकी प्रभारी रमेश पटेल, पी ई ई ओ तनसुख पटेल , ने गांव को संदेश दिया कि वे भी अपने घरों के सामने वृक्ष अवश्य लगाएंद्य उन्होंने कहा कि पौधे लगाने के साथ ही उसकी सुरक्षा भी आवश्यक हैद्य उन्होंने कहा कि जानवरों से इसकी रक्षा करें, तथा समय-समय पर इसमें पानी भी डालते रहेंद्य उन्होंने कहा कि इन्हें बचाने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करेंद्य इस मौके पर पंचायत प्रशासन विद्यालय के समस्त स्टाफ और ग्रामीणवासी वक्तावर सिंह, लाल पुरी, कैलाश , जितेंद्र, दुर्गा, बाबुडी , उगली, दरिया, आदि मौजूद थे ।

# अंधे कत्ल का पर्दाफाश बरासो थाने का मामला

**बृजपाल सिंह गुर्जर संवाददाता, पुष्पांजली टुडे**

मेहगांव । एसडीओ पी कार्यालय पर प्रेसवार्ता आयोजित कर एसडीओ पी आर के एस राठौर व्दारा घटना की बिसस्त्रित जानकारी देते हुऐ बताया कि,

17 जून 2001 को कैमोखरी गाँव के सामने अमायन गाता रोड के किनारे पडकौली गांव की ओर खन्ती में एक पलास्टिक की सफेद बोरी , जिसका मुह बधा हुआ था , जिसमें बदबू आ रही थी के होने की सूचना कैमौखरी गाँव के कोटवार के द्वारा 100 डायल पर दिए जाने पर मौक पर पुलिस के पहुंचने पर वोरी को कोटवार से खुलवाकर देखा वोरी में एक अज्ञात महिला का शव पाया गया ,

उसके बाद कोटवार शिवराजसिंह मिर्धा की रिपोर्ट पर से प्रथम दृष्ट्या किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा अज्ञात मृतिका की हत्या कर साक्ष्य मिटाने की नियत से शब को वोरी में बांधकर फेका जाने की घटना घटित होना पाया जाने से ,

थाना बरासो पर अज्ञात आरोपी के विरुध्द अप . , 46/2021 धारा 302 , 201 भा.द.वि. का पंजीबद्ध कर मर्ग क्र 7/2021 धारा 174 .जा. फौ. कायम कर अपराध सदर में सुमार किया जाकर अपराध सदर विवेचना में लिया गया ,

इस अंधे कत्ल की घटना को श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय भिण्ड श्री मनोज कुमार सिंह साहब व्दारा चैलेंज के रुप में लिया जाकर श्रीमान अति 0 पुलिस अधीक्षक महोदय श्री कमलेश कुमार खरपुसे के निर्देशन मे एल श्रीमान एसडी ओ पी महोदय मेहगांव श्री आर 0 के 0 एस 0 राठौर के नेतृत्व थाना प्रभारी बरासों , सायबर सेल व क्राइम ब्रांच की सयुक्त टीम गठित कर अतिशीघ्र अधे कत्ल का पर्दाफास करने हेतु पुलिस टीम को निर्देशित किया गया,

टीम के व्दरा अज्ञात मृतिका की तलास पतारसी हेतु मृतिका के शव के पैम्पलेट छपवा कर भिडं जिले के सरहदी जिलो में जगह - जगह सार्वजनिक स्थानो पर चश्पा किए गए ,

### मुखविर मामूर किए गए ,

उक्त पम्पलेट को ग्वालियर में देखकर दिनांक 31/07/2021 को थाना कम्पू पर पंजीवद्ध गुमशुदगी क्रमाक 31/2021 दिनाकित 16/06/2021 की सूचना कर्ता मेहरूम पत्नी उस्मान खान निवासी मांडरे की माता आयुर्वेदिक अस्पताल के सामने कम्पू द्वारा अपने अन्य परिजनों अपनी दूसरी पुत्री अंजुम अपनी बहिन एवं वहोनोई आदि के साथ थाना बरासो पर उपस्थित होकर अज्ञात मृतिका के शव के हुलिया , अज्ञात मृतिका के बांए बाजू पर बने हुए टैंटू ऋक्र के आधार पर पहिचान कर अज्ञात मृतिका को अपनी बेटी बेबा रोशनी पति स्व . फिरोज खान ( पुत्री उस्मान खान ) निवासी माडरे की माता आयुर्वेदिक अस्पताल के सामने कम्पू होना बताया, एंव संदेही श्याभू कुशवाह पुत्र

महाराज सिंह कुशवाह उम 20 साल निवासी धन्यवाद गेट , आमखो अस्पताल के पास कम्पू द्वारा अपने दोस्तों के साथ मिलकर रोशनी को ले जाया जाने का संदेह व्यक्त किया जिस पर से उक्त सहेदी श्यामू कुशवाह को दिनाय 01/08/2021 को पुलिस अभिरक्षा में लिया जाकर पूछताछ कर धारा 27 साक्ष्य अधिनियम का मेमोरेण्डम लिया जाकर पूछताछ किये जाने पर रोशनी का दिनांक 13/06/21 को स्वयं मेहगाँव आना अंकित शर्मा के साथ शादी करने के उद्देश्य से अकित शर्मा व उसके दोस्तो के साथ ग्राम गरी में जाना, वहां पर अकित शर्मा द्वारा शादी करने से मना करना परंतु रोशनी वापस अपने घर जाने के लिए तैयार नहीं होना तब अकित शर्मा द्वारा अपने दोस्त श्यामू कुशवाह पुत्र महाराज सिंह कुशवाह उम्र 20 साल निवासी धन्यवाद गेट , आमखो बस स्टेण्ड के पास कम्पू विक्की जाटव पुत्र स्व 0 शिव सिंह जाटव उम्र 21 साल के साथ मिलकर दिनांक 15/06/21 को सुबह के समय रोशनी का गला घोटकर हत्या करना , दिनभर लाश को एक प्लास्टिक की बोरी में बांधकर घर में भुस के कमरे में रखना फिर दिनांक 15/06/21 को रात्री साढे ग्यारह बजे करीब लाश को अकित शर्मा की मोटर साइकिल से ले जाकर,

श्यामू कुशवाह व अंकित शर्मा द्वारा अमायन गाता रोड पर केमोखरी गाँव के पास पडकोली तरफ बाली रोड़ की खती में फेका जाना रोशनी की हत्या होने से पहले अंकित शर्मा के अन्य दोस्त सारिफ खान सुमित दिवाकर व स्वयं अकित शर्मा द्वारा रोशनी के साथ बलात्कार किए जाने की घटना प्रकाश में आई जिस पर से धारा 376 - ष्ठ भा.द.वि. का इजाफा किया गया । बाद दिनांक 01/08/2021 को श्यामू कुशवाह को गिरफ्तार कर शेष उपरोक्त दो आरोपियो विक्की जाटव एवं अंकित शर्मा को दबिस देकर गिरफ्तार किया जाकर धारा 27 साक्ष्य अधिनियम का मेमोरेण्डम लिया गया तो आरोपी विक्की जाटव द्वारा मृतिका के टेक्नो मोवाइल फोन को ओएलएक्स पर बेचा जाना आरोपी अंकित शर्मा के घर से एक प्लास्टिक की बैसी ही बोरी जैसी बोरी में मृतिका की लास को बांधकर फेका गया था एवं प्लेटिना मोटर साइकिल जिस पर मृतिका की लाश रखकर ले जाई जाकर फेकी गई थी , को आरोपी अंकित शर्मा के घर से बरामद की गई । तथा अपराध सदर में प्रयुक्त एक अन्य प्लेटिना मोटर साइकिल आरोपी विक्की जाटव के कब्जे से जप्त की गई है । इस प्रकार अन्धे कत्ल का पर्दाफास किया गया ।

### उल्लेखनीय भूमिका.....

निरीक्षक संजय सोनी थाना प्रभारी मिहीना , थाना प्रभारी बरासों उप निरीक्षक सुरजीत सिंह तोमर , उप निरीक्षक शिवप्रताप सिंह राजावत थाना प्रभारी अमायन , उप निरीक्षक दीपेन्द्र यादव , एएसआई सत्यवीर सिंह , प्रआर ) प्रमोद पाराशर , प्रआर 0 सतेन्द्र यादव , सायबर सेल टीम कार्य 0 प्रआर 0 महेश , आर 0 राहुल यादव , थाना बरासो फोर्स एएसआई लक्ष्मीनारायण यादव , कार्य प्रआर 0 608 अनिल शर्मा , कार्य प्रआर ) 455 गिरीश कुमार , आर 0 723 मनोज कुशवाह , आर 0 969 आशीष सिंह तोमर , आर 0 1361 शिवशंकर कुशवाह , आर 0 1112 राजपाल सिंह , आर 0 चालक 04 मुकेश गर्ग , थाना मिहोना फोर्स एएसआई देवेन्द्र जादौन , , प्रआर 0 179 मुकेश , आर 0 1142 जितेन्द्र गुर्जर ।

# स्थानीय लोगों की आस्था का केंद्र है बाबा सेवापुरी शिवालय

**भीमसेन सिंह तोमर थरा**

अम्बाह तहसील मुख्यालय से मात्र चार किलोमीटर दूर स्थित गांव थरा में, वैसे तो यहां पर परम हंस बाबा श्रीलोचन दास महाराज की तपोस्थली और सिद्ध भूमि है। जिसकी कृपा से कोई बड़ी प्राकृतिक आपदा आज तक घटित नहीं हुई है और इसके लिए ओर पास के मजरा, सभी बाबा परम हंस श्री लोचन दास जी महाराज के आशीर्वाद को विस्मरणीय मानते हैं। ऐसा ही एक आस्था का केंद्र है ।। (शाला थोक) थरा में स्थित बाबा सेवापुरी शिवालय है। जो यहां के लोगों का आराधना और आस्था का केंद्र है। यह मंदिर प्राचीन काल से ही लोगों का की आस्था से जुड़ा हुआ है। यहां भगवान शिव की लिंग स्वरुप में विराज मान है। पुराने समय से ही लोगों की आस्था का केंद्र बना बाबा सेवापुरी शिव मंदिर में यहां चमत्कारी घटना में एक घटना प्रचलित है। गांव में लोगों ग्रामीण दिनचर्या के अनुरूप यहां के लोगों में पशुओं को पालने और उसी से अपने परिवार का भरण-पोषण करना , यहां लोगों का मुख्य व्यवसाय है। यहां आज से लगभग पांच सौ से सात पूर्व घटित एक वाक्या ने आस्था को और गहरापन प्रदान किया। गांव में एक किसान जो पशु पालक था। अचानक उसकी भैंस ने दूध देना बंद कर दिया और बीमार हो गई। पहले जमाने में इतने पशु-चिकित्सक तो हुआ नहीं करते, ग्रामीण गांवों वाले जैसी दवा जड़ी बूटी बता देते वह वैसी लाकर खिला देता लेकिन कई दिन बीत गए,भैंस की तबीयत और बिगड़ती गई। और वह जमीन पर गिर पड़ी और न वह अब पानी पी रही न कुछ भी खा रही थी। तब किसान ने सेवा पुरी सेवापुरी शिवालय में भगवान शिव के सेवक संत को अपनी पीड़ा बताई तो उन्होंने कहा जाओ घर से पीतल के लोटे में पानी भर कर लाओ तब किसान ने पीतल के बर्तन में पानी लाकर पुजारी को दिया, पुजारी ने कहा इस पात्र को शिव जी की के चबूतरे पर पानी को पढ़ने के लिए रख दो और कुछ देर बाद उठा कर अपनी भैंस को थोड़ा सा पिला दे और कुछ ऊपर छिड़क दें। किसान वैसा ही किया। और कई दिनों से जमीन पर पड़ी भैंस तुरंत ही खड़ी होकर जुगाली करने लगी। तब अब यहां ओर पास के मजरा और टोलों में बाबा सेवापुरी शिवालय आस्था का केंद्र बना हुआ है।। और जब किसी ग्रामीण गाय, भैंस,बकरी दूध देना बंद कर बीमारी से ग्रस्त हो जाती है तो लोग बाबा सेवापुरी शिवालय पर पानी पढ़ाने के लिए पात्र लेकर आते हैं और अपनी पीड़ा से मुक्ति पाते हैं।। यहां प्रति बर्ष गुरु पूर्णिमा के अवसर पर स्थानीय लोगों के सहयोग से पूरे गांव की कन्या भोज का आयोजन किया जाता है।

# भाजपा ने स्थानीय मुद्दों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम दिया ज्ञापन

**नेनाराम सिरवी पाली**

भारतीय जनता पार्टी पाली द्वारा शिवाजी, सोमनाथ और प्रताप मंडल के संयुक्त तत्वावधान में राजस्थान की कांग्रेस सरकार के खिलाफ स्थानीय मुद्दों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया । शिवाजी मंडल प्रवक्ता अरविन्द सिंह राजपुरोहित ने बताया कि पाली शहर में लंबे समय से चल रही स्थानीय समस्याओं को लेकर आमजन में काफी रोष है ।

रुड़ीप द्वारा शहर में लंबे समय से चल रहे सीवरेज कार्य में हो रही देरी एवं लापरवाही से आमजन को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है । विभिन्न स्थानों पर खुदाई करके छोड़ देने से एवं पुनः निर्मित सड़को की क्वालिटी घटिया होने के कारण आये दिन सड़को पर वाहन धंसने की समस्या आ रही है।

बिजली सप्लाई में रख रखाव के नाम पर शहर में लंबे समय तक विद्युत कटौती की जा रही है, साथ ही बिजली बिलों में भी अलग अलग मद के नाम से एवं अनावश्यक पेनल्टी के रूप में उपभोक्ताओं पर भारी बोझ

डाला जा रहा है ।

शहर में 24 घंटे वाटर सप्लाई का कार्य भी लंबे समय से चल रहा है जहाँ ये सप्लाई शुरू हुई है वहाँ के स्थानीय निवासियों के अनुसार उनके पूर्व में दो महीने का पानी का बिल 150 रुपये के आसपास आता था लेकिन वर्तमान में 5000 से लेकर 8000 तक का बिल आ रहा है । पानी की सप्लाई के समय पानी का प्रेशर भी बहुत कम रहता है जिसमे सुधार की आवश्यकता है ।

इसके अलावा कांग्रेस के घोषणा पत्र में बिजली की दर नही बढ़ाने, बेरोजगारी भत्ता देने तथा 10 दिन में किसानों के कर्जमाफी की बात कही गई थी लेकिन कांग्रेस सरकार ने इन तीनो बातों में जनता से वादाखिलाफी की , इस बारे में भी ज्ञापन में मुख्यमंत्री जी का ध्यान आकर्षित किया गया । इसके अलावा शहर में आये दिन हो रही चोरियां एवं अपराधो पर भी अंकुश लगाने , पिछले डेढ़ वर्ष से खाद्य सुरक्षा योजना में पात्र परिवारों के नाम नही जुड़ने तथा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना में पात्र परिवारों के पूरे नाम नही भेजे जाने के कारण कोरोना काल में केंद्र सरकार द्वारा आवंटित निशुल्क गेहूं एवं दालों से हज़ारों गरीब परिवार वंचित रहे आदि विषयों पर भी ज्ञापन में बताया गया ।

इस कार्यक्रम में सभापति रेखा राकेश भाटी,नगर निकाय प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक महेंद्र बोहरा,घुमंतू प्रकोष्ठ सह संयोजक श्रवण बंजारा,पूर्व सभापति राकेश भाटी,भाजपा जिला महामंत्री मोहन जाट,कोषाध्यक्ष रामकिशोर साबू,उपाध्यक्ष सुरेश चौधरी,जिला प्रवक्ता तिलोक चौधरी,पूर्व उपसभापति मूलसिंह भाटी,वरिष्ठ नेता शिवप्रकाश प्रजापत,मंडल अध्यक्ष पुखराज बंजारा,नरपत दवे, मुकेश नाहर,ओबीसी मोर्चा के हेमंत चौधरी,अल्पसंख्यक मोर्चा के अजीज कोहिनूर, गणपत मेघवाल,खीमसिंह भाटी,अशोक सोनी,नितेश तोषावरा,मानवेन्द्र सिंह भाटी,गुमानसिंह रावत,राजेश डांगी, जितेन्द्र भंसाली, कल्याण सिंह सोलंकी, कमलेश मेवाड़ा,पार्षद विकास बुबकिया, ओम स्वामी,खुशबू लोकेश सोनी,अशोक शर्मा,तेजाराम भायल,कैलाश चौहान,योगेश रांकावत, प्रमेन्द्र सिंह परिहार,रितेश छाजेड़, निशांत दवे,दीपक जैन,ओमेंद्र सिंह,नवीन मेहता,महेन्द्र मालवीय,दिनेश देवासी,नटवर सिंह,दिलीप मेवाड़ा आदि उपस्थित रहे ।

# अब कोविड जागरूकता और वैक्सीनेशन के संदेश दीवारों पर

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ, पुष्पांजली टुडे**

भोपाल। कोविड अनुरूप व्यवहार का पालन करने और वेक्सीनेशन के लिए लोगों को अलग अलग माध्यम से प्रेरित किया जा रहा है। कोविड स्लोगन जिनमें से एक प्रभावी माध्यम है जो लोगो की जुबान पर चढ़ जाता है और लोग वैक्सीनेशन के लिए अवेयर हो रहे है। जिला प्रशासन भोपाल के साथ सर्च एंड रिसर्च डेवलपमेंट सोसाइटी और भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के साथ जन जागरूकता अभियान के तहत रविवार को पॉलिटेक्निक चौराहे पर स्लोगन लिखे गए। भोपाल में लोगों को लोक कलाओं, सोशल मीडिया, स्लोगन, पोस्टर, गीतों के माध्यम से प्रेरित करने का क्रम जारी है। लोग कोविड अनुरूप व्यवहार अपनाएं और वेक्सीनेशन करायें तभी हम तीसरी लहर को आने से रोक सकते है। सर्च एंड रिसर्च की चेयरपर्सन डा मोनिका जैन ने बताया कि नगर निगम की गाड़ियों पर बज रहे कोविड जागरूकता गीत ÷मास्क पहनना दूरी रखना जैसे सन्देश है, कोरोना से सुरक्षित रखना अपना मध्यप्रदेश है÷ तथा ÷ बात ये हमारी सुनो सबको सुनाओ, बढ़ते कोरोना से भैया खुद को बचाओ÷ पूरे शहर और गावों में लोगो को जागरूक कर रहे है। ये गीत सर्च एंड रिसर्च डेवलपमेन्ट सोसाइटी द्वारा लिखे एवं रिकॉर्ड कराये गये है। डा.राजीव जैन ने बताया की दीवार लेखन में भोपाल आई क्लीन टीम और सर्च एंड रिसर्च टीम मिल कर साथ काम कर रही है।

## वन-टू-वन

### नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त को आजीवन कारावास

**गोहद(पुष्पांजली टुडे)।** नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त को अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई सहा0 जिला अभियोजन अधिकारी / सहा0 मीडिया सेल प्रभारी (अभियोजन) प्रवीण सिंह सिकरवार द्वारा बताया गया कि न्यायालय पूरन सिंह, विषेष न्यायाधीष, पॉक्सो गोहद ने आज दिनांक 02.08.2021 को अभियुक्त शिवम गुप्ता पुत्र मुकेष गुप्ता उम्र 29 वर्ष निवासी ग्राम रफियाबाद कलान तहसील जलालाबाद जिला शहजानपुर उ0प्र0 को धारा 376 व 3/4 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 में आजीवन कारावास व दो हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अभियोजन की घटना संक्षिप्त में इस प्रकार है- दिनांक 18.01.2017 को फरियादी ने थाना गोहद में रिपोर्ट की कि उसकी पुत्री (पीडिता) अपने मामा के घर पर थी। दिन के एक बजे अपनी ममेरी बहन के साथ जाने की कहकर घर से निकली थी। इसकी ममेरी बहन ताल तक छोड़कर वापस आ गई,लेकिन घर पर नहीं पहुंची कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर ले गया। रिपोर्ट पर से अप0क्र0 13/17 धारा 363 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। दौराने विवेचना पीडिता को अभियुक्त के मकान से दस्तयाब किया गया। पीड़िता के कथन व अनुसंधान के उपरांत प्रकरण में धारा 366, 376 भादवि एवं 3/4 पॉक्सो एक्ट का इजाफा कर अभियुक्त को गिरफ्तार कर अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया,न्यायालय ने विचारण उपरांत अभियुक्त को धारा 376 भादवि व 3/4 पॉक्सो एक्ट में दोषी मानते हुये आजीवन कारावास एवं दो हजार रुपये के दण्ड से दण्डित किया गया। उपरोक्त प्रकरण में सहा0 जिला लोक अभियोजन अधिकारी/ विशेष लोक अभियोजक हेमलता आर्य एवं प्रवीण सिंह सिकरवार द्वारा अभियोजन संचालन किया गया एवं कोर्ट मोहरिर जयपाल सिंह चौहान द्वारा अभियोजन कार्य में पूर्ण सहयोग किया गया।

### सांसद चौधरी ने रानी में इटन्दरा मेडतियान के रहवासी इलाके में एचटी लाइन हटवाने की अनुशंसा की

पाली। पाली जिले के रानी पंचायत समिति के इटन्दरा मेडतियान पंचायत में रहवासी इलाके से गुजर रही 11 केवी लाइन से मंडराते करंट के खतरे को लेकर सांसद पीपी चौधरी ने संज्ञान लेते हुए लाइन हटवाने के लिए सांसद कोष से कार्य करवाने की अनुशंसा की है। ग्राम पंचायत क्षेत्र के वार्ड संख्या 2 में मेघवाल वास से मीणा वास होते हुए हाई सेकण्डरी स्कूल तक बिजली की 11 केवी लाइन करीब 30 से अधिक परिवारों के घरों से गुजर रही थी। इलाके में अधिकांश अनुसूचित जाति व जनजाति के लोग बसे हुए हैं। ऐसे में कभी भी कोई बड़ा हादसा होने का खतरा हर पल मंडराता रहता है। समस्या को लेकर डिस्कॉम के अधिकारियों को अवगत करवाने पर लाखों का डिमांड नोटिस रहवासियों को थमा दिया था। ये राशि भर पाना ग्रामीणों के लिए सम्भव नही था। समस्या की जानकारी सांसद पीपी चौधरी को मिलने पर समस्या निराकरण के लिए सांसद कोष से 1 लाख 43 हजार 203 रुपए से लाइन शिफ्टिंग कार्य की अनुशंसा की है। सांसद चौधरी ने जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को पत्र भेजकर 75 दिन के भीतर तकनीकी, वित्तीय व प्रशासनिक स्वीकृति जारी करने की अनुशंसा की है।

### ओला पीडित किसान के बैंक खाते में राहत राशि न पहुचने पर, पीडित ने एसडीएस से लगाई गुहार

**गोहद।** खरौआ निवासी शिवचरनसिंह पुत्र जसंवत सिंह नें एडीएम शुभम शर्मा को एक आवेदन देकर गुहार लगाई है कि मेरी भूमि सर्वे क्रमांक 1074 रकवा 1.00 हे0 है एवं अन्य सर्वे क्रमांक भी हैं जो मौजा खरौआ एवं छरेटा में लगभग 40-45 बीघा भूमि स्थित है जिसका मैं भूमि स्वामी हूँ उक्त भूमि पर ओलावृष्टि से मेरी फसल बर्बाद हुई थी शासन के द्वारा बर्बाद हुई फसल का सर्वे भी किया गया था परंतु आज तक मुझ पीडित के बैंक खाते मैं राहत राशि का एक धेला तक नहीं दिया गया है। समाचार पत्रों के द्वारा मुझे ज्ञात हुआ है कि 2020 में ओलावृष्टि का घोटाला प्राशासनिक कर्मचारियों द्वारा किया गया है। प्रशासन के द्वारा मेरे बैंक खाते में कोई राहत राशि नहीं डाली गई है। यदि प्रार्थी के नाम से कोई भी राशि का घोटला किया गया है अर्थात कर्मचारियों के द्वारा किसी अन्य के खाते में मेरी ओलावृष्टि राहत राशि डाली गई है तो उसकी जांच कर संबंधित के खिलाफ उचित कार्यवाही की जाए। मैं गांव का सीधा साधा किसान हूँ। मेरा नाम गलत तरीक़े से घसीटा जा रहा है जिससे मेरी छवि को खराब किया जा रहा है तथा मेरे सम्मान व प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची है। मेरा प्रशासन से निवेदन है कि जिन लोगो के द्वारा मेरे नाम से जो यह कृत्य किया है उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जावे।

# गरिमामय ढंग से मनेगी स्वाधीनता की 74वीं वर्षगाँठ

### कलेक्टर श्री सिंह ने अधिकारियों की बैठक लेकर की तैयारियों की समीक्षा

### कोविड गाइडलाइन का पालन करते हुए तैयारियों को अंतिम रूप देने के दिए निर्देश

**ग्वालियर।** भारतीय स्वाधीनता की 74वीं वर्षगाँठ सम्पूर्ण प्रदेश की भाँति ग्वालियर जिले में भी कोरोना गाइडलाइन का पालन करते हुए गरिमामय ढंग से मनाई जाएगी। जिला मुख्यालय पर यहाँ कम्पू स्थित एसएएफ ग्राउण्ड पर 15 अगस्त को प्रात~ 9 बजे मुख्य समारोह आयोजित होगा। समारोह में मुख्य अतिथि ध्वजारोहण कर संयुक्त परेड की सलामी लेंगे और मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करेंगे। सोमवार को यहाँ कलेक्ट्रेट के सभागार में आयोजित हुई बैठक में कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि राज्य शासन द्वारा कोविड को ध्यान में रखकर जारी किए गए दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए स्वतंत्रता दिवस की सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जाए। उन्होंने स्वतंत्रता दिवस समारोह को गरिमामय ढंग से आयोजित करने के लिये संबंधित अधिकारियों को अलग-अलग दायित्व सौंपे हैं। उन्होंने सभी अधिकारियों को समय-सीमा में स्वतंत्रता दिवस समारोह की सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

बैठक में बताया गया कि कोरोना की तीसरी संभावित लहर को ध्यान में रखकर इस बार स्वतंत्रता दिवस समारोह में स्कूली बच्चे भाग नहीं लेंगे। मुख्य समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी नहीं होगा। राज्य शासन द्वारा शासकीय दफ्तरों में प्रात~ 8 बजे ध्वजारोहण करने के दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। स्वतंत्रता दिवस पर सार्वजनिक इमारतों पर रोशनी की जायेगी।

कलेक्ट्रेट के सभागार में हुई बैठक में अपर कलेक्टर श्री आशीष तिवारी एवं श्री रिंकेश वैश्य ने स्वतंत्रता दिवस के संबंध में राज्य शासन द्वारा जारी किए गए दिशा-निर्देशों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। साथ ही सभी अधिकारियों से इन निर्देशों का पालन करते हुए स्वतंत्रता दिवस मनाने को कहा। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री टी एन सिंह सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी और जिले के एसडीएम मौजूद थे।

### जगह-जगह फहराया जायेगा राष्ट्रीय ध्वज

स्वतंत्रता दिवस पर जिले भर में जगह-जगह पूरी शान के साथ राष्ट्रीय ध्वज लहराएगा। इस दिन नगर निगम, जिला पंचायत सहित जिले की सभी जनपद पंचायतों व नगरीय निकायों से लेकर ग्राम पंचायत स्तर तक स्वतंत्रता की वर्षगाँठ मनाई जायेगी। इसी तरह सभी शासकीय अर्द्धशासकीय भवनों पर कार्यालय प्रमुखों द्वारा ध्वजारोहण किया जायेगा तथा ÷राष्ट्रगान÷ का सामूहिक गायन किया जायेगा। सार्वजनिक इमारतों पर रोशनी भी की जायेगी।

### नाबालिग के साथ बलात्कार करने वाले अभियुक्त को आजीवन कारावास

**गोहद।** सहा0 जिला अभियोजन अधिकारी / सहा0 मीडिया सेल प्रभारी(अभियोजन) प्रवीण सिंह सिकरवार द्वारा बताया गया कि न्यायालय श्री पूरन सिंह, विषेष न्यायाधीष, पॉक्सो गोहद ने अभियुक्त शिवम गुप्ता पुत्र मुकेष गुप्ता उम्र 29 वर्ष निवासी ग्राम रफियाबाद कलान तहसील जलालाबाद जिला शहजानपुर उ0प्र0 को धारा 376 व 3/4 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 में आजीवन कारावास व दो हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अभियोजन की घटना संक्षिप्त में इस प्रकार है कि दिनांक 18 जनवरी 2017 को फरियादी ने थाना गोहद में रिपोर्ट की कि उसकी पुत्री (पीडिता) अपने मामा के घर पर थी। दिन के एक बजे अपनी ममेरी बहन के साथ जाने की कहकर घर से निकली थी। इसकी ममेरी बहन ताल तक छोड़कर वापस आ गई।

# जलनिकासी एवं पेंचवर्क के लिए अधिकारी रहें तत्पर: निगमायुक्त

**ग्वालियर।** शहर के सभी क्षेत्रों में बारिश के दौरान होने वाले जलभराव की समस्या का तत्काल निराकरण करने के लिए अमला तैयार रहे और सडकों के गडडों पर तत्काल पेंचवर्क कराने के लिए संबंधित क्षेत्र के अधिकारी तत्पर रहें एवं लगातार सभी अधिकारी अपने अपने संबंधित क्षेत्रों में मॉनीटरिंग करते रहें। जिससे आमजनों को समस्या का सामना न करना पडे। उक्ताशय के निर्देश नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा ने सोमवार को साप्ताहिक समीक्षा बैठक में संबंधित अधिकारियों को दिए। निगम के प्रशासनिक भवन में आयोजित बैठक में निगमायुक्त श्री वर्मा ने दैनिक साफ सफाई व्यवस्था की समीक्षा करते हुए सभी क्षेत्राधिकारियों को निर्देश दिए कि वह सुनिश्चित करें कि डोर टू डोर कचरा संग्रहण वाहन प्रतिदिन क्षेत्र में पंहुच रह है कि नहीं तथा कहीं भी सडक पर कचरा न हो इसका ध्यान रखें। इसके साथ ही सडक किनारे खडे होकर खाद्य सामाग्री बेचने वाले ठेले वाले सडक पर कचरा न फैलाएं इसका ध्यान रखें। प्रतिदिन अपने क्षेत्र में भ्रमण कर सफाई व्यवस्था की मॉनीटरिंग करें। इसके साथ ही सभी क्षेत्राधिकारियों से क्षेत्रीय कार्यालयवार नाला सफाई, क्षतिग्रस्त सीवर चेम्बर की रिपेयरिंग, पेंच रिपेंयरिंग एवं विद्युत के कार्यों की जानकारी ली गई तथा

निर्देश दिए कि जहां भी नालों के मुहाने चौक हैं तथा पुनः सफाई की आवश्यकता है तो तत्काल कराएं। नाला चौक के कारण कहीं भी जलभराव की समस्या नहीं होनी चाहिए। इसके साथ ही सडकों की पेंच रिपेयरिंग के कार्य में तेजी लाने के लिए अधिकारियों को मॉनीटरिंग करने तथा जहां भी सडक पर गडडे हैं उन पर तत्काल पेंचरिपेरिंग कराने के निर्देश दिए। साथ ही शंकरपुर की सडक को पेंचवर्क कर मोटरेबल करने के निर्देश संबंधित क्षेत्राधिकारी को दिए। वहीं वाटर हार्वेस्टिंग को लेकर चर्चा करते हुए निगमायुक्त श्री वर्मा ने संबधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन्हें नोटिस दिए गए थे, वहां वाटर हार्वेस्टिंग का परीक्षण अधिकारी स्वयं जाकर करे। इसके साथ ही प्रत्येक क्षेत्राधिकारी अपने अपने क्षेत्र में अच्छे व बडे पार्कों में रैन वाटर हार्वेस्टिंग कराएं। सीवर चेम्बर के कवर की रिपेरिंग की जानकारी क्षेत्रवार संबंधित क्षेत्राधिकारी से ली तथा तेजगति से सीवर चेम्बर कवर की रिपेयरिंग कराने के निर्देश दिए। वहीं विद्युत विभाग से लाइटों के रिपेयरिंग की जानकारी ली और जहां भी स्ट्रीट लाइट खराब हैं, तत्काल बदलवाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही स्वर्णरेखा नाले के निारे निर्धन नगर में सडक पर ही गाडी रिपेयरिंग करने वालों के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478